Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 40 | रविवार, 09 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-14 | मूल्य-एक रुपया



## संपादक की कलम से

### जबरन वापसी

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर–खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति–नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट–पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल–हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है।



ललित शर्मा
संपादक

लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार–चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई ह्यनिर्वासन उड़ानह्व विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है।

## मोनिका डागा

### दिल्ली में कमल खिला

कविता



जनता ने अपना श्रेष्ठ नेता सच्चे दिल से चुना,
जीत खुशियों का राजधानी में मधुरम गुनगुना,
वर्षों की धैर्य, तपस्या, त्याग का परिणाम आया,
कमल को धुआंधार बहुमत से विजयी बनाया,

दिल वालों के दिल में आज देखो कमल खिला,
सेवाभावी सरकार को सेवा का सुअवसर मिला,
भारत की राजधानी का स्वरूप अब निखरेगा,
तिरंगे का वर्चस्व सम्पूर्ण विश्व में और चमकेगा।

जनता का विश्वास, साथ इंद्रधनुषी रंग है लाया,
सरकार ने सुगम विकास का नव अवसर पाया,
सभी देशवासियों को तहे दिल से है बहुत बधाई,
स्वर्णिम जीत की खूबसूरत ऐतिहासिक घड़ी आई।

सब है एकजुट और तैयार बजेगा डंका जोरदार,
मिलकर संवारेंगे दिल्ली है भारत का गल हार,
पूरे भारतवर्ष में हर्ष उल्लास का सुखद माहौल,
जय हिंद ! जय भारत माता ! के गूंज रहे बोल।

दिल हो उठा है जवां उम्मीद की किरणें है फैली,
दुल्हन सी सजी दिल्ली मिश्री सी जहां की बोली,
खिलेगा नव विकास नव उत्साह का पूर्ण कमल,
तगड़ा, मजबूत है देशभक्तों का प्रबल दल–बल।

वंदन, अभिनंदन, आभार है जनता जनार्दन का,
लोकतंत्र की आन, बान, शान, और सम्मान का,
दिल की ये महत्वपूर्ण विजय जीत दिलों के साथ,
निकल पड़े देश प्रेमी एक हो लेकर हाथों में हाथ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी



दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरूआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछडे.इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।

इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दशार्ती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।ह्व दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो

# केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने नए आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सभी देशों के विकास के साधन के रूप में प्राथमिकता वित्त को दी जाती है, तथा वित्त का ढांचा बजट के पहियों पर आत्मा के रूप में समाहित होता है, जो किसी भी देश के विकास की दिशा को निर्धारित करता है, उसे सशक्त बनाता है, क्योंकि देश के विकास की राह पर चलने के लिए रुपए/डॉलर की आवश्यकता होती है, जो बजट के माध्यम से तय किया जाता है कि किस क्षेत्र में कितना पैसा मिलेगा। अभी हमने 1 फरवरी 2025 को बजट के सभी प्रावधानों का बारीकी से अध्ययन करके देखें कि किस क्षेत्र को कितना एलोकेशन किया गया है। चूँकि बजट में माननीय वित्तमंत्री ने घोषणा की थी कि एक सप्ताह के भीतर एक नया आयकर अधिनियम 2025 लाया जाएगा, इसलिए ही आज दिनांक 7 फरवरी 2025 को देर रात्रि केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी। इसे अब संभावित सोमवार को संसद के पटल पर रखा जाएगा व वित्त पर संसदीय स्थाई समिति के पास भेजने की प्रबल संभावना है, जिसमें नए बिल में संभावित कुछ ऐसे प्रावधान प्रस्तावित है जो कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कटौती या छूट की सीमा और राशियों को बदलने की अनुमति देंगे, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वित्तीय कैबिनेट ने नए आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी।

साथियों बात अगर हम नए आयकर अधिनियम 2025 को लागू करने की करें तो, पीएम की अध्यक्षता वाली केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने नए इनकम टैक्स बिल 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड बिल 2025) को मंजूरी दे दी है। इस बिल को केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार देर रात मंजूरी दी है। मीडिया के मुताबिक यह बिल अब सोमवार को केंद्रीय वित्तमंत्री 9 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश करेंगी। लोकसभा में इस बिल को फिलहाल स्थायी समिति को भेजा जा सकता है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह बिल छह दशक पुराने इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेगा यानी नया इनकम टैक्स कानून बन जाएगा। वित्तमंत्री ने इस बिल के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि इसके पास होने से डायरेक्ट टैक्स कानून सरल बन जाएंगे। मौजूदा कानून के अस्पष्ट प्रावधान इसमें नहीं होंगे और इससे इनकम टैक्स से जुड़े मुकदमों की संख्या कम होगी अब संसद में होगा। बता दें कि संसद के मौजूदा बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को खत्म हो रहा है। सत्र 10 मार्च को फिर शुरू होगा और चार अप्रैल तक चलेगा। नया बिल इनकम टैक्स से जुड़े उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब




प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे टैक्स एक्सपर्ट की सहायता के बिना समझ सकें। इस बिल में प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे। इससे मुकदमे बाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित टैक्स डिमांड में कमी आएगी। दरअसल, इनकम टैक्स लॉ लगभग 60 साल पहले 1961 में बनाया गया था और तब से समाज में, लोगों के पैसे कमाने के तरीके और कंपनियों के कारोबार करने के तरीके में बहुत सारे बदलाव हुए हैं। समय के साथ आयकर अधिनियम में संशोधन किए गए। देश के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने में तकनीकी प्रगति और बदलावों को देखते हुए, पुराने आयकर अधिनियम को पूरी तरह से बदलने की सख्त जरूरत है। नए बिल के लागू करने का मकसद भाषा और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। कहने का मतलब है कि नए कानून में इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव की संभावना नहीं है, क्योंकि यह आमतौर पर वित्त अधिनियम के माध्यम से किया जाता है। बता दें कि साल 2010 में प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक, 2010 संसद में पेश किया गया था। इसे जांच के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, 2014 में सरकार बदलने के कारण विधेयक निरस्त हो गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार (7 फरवरी, 2025) को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी, यह बिल छह दशक पुराने आईटी अधिनियम की जगह लेगा। नया बिल इनकम टैक्स से जुड़े उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे टैक्स एक्सपर्ट की सहायता के बिना समझ सकें। इस बिल में प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे। इससेमुकदमेबाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित टैक्स डिमांड में कमी आएगी।

साथियों बात अगर हम विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को गति देने, 7 फरवरी 2025 को आरबीआई द्वारा रेपो रेट में कमी करने की करें तो आरबीआई ने शुक्रवार को सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से लगभग पांच साल बाद प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया। रेपो रेट घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है। मार्च तिमाही के लिए स्थिर हैं ब्याज दरें मार्च तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बता दें कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर है। तीन साल की सावधि जमा पर दर तीसरी तिमाही में दी जा रही 7.1 प्रतिशत पर है। इसके अलावा पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी क्रमशः7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। वहीं, किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत जब राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत पर बरकरार है। मासिक आय योजना में निवेश पर 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलता है। अगर पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि जैसी छोटी बचत योजनाओं में निवेश करते हैं तो ये खबर आपको निराश कर सकती है। दरअसल, सरकार नए वित्त वर्ष यानी एफ वाय 26 की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून की अवधि के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर कम कर सकती है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट में कटौती की है। इसके बाद खपत को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्रालय अगले वित्तीय वर्ष में छोटी बचत योजनाओं के लिए दरें कम करने पर विचार कर सकता है। बिजनेस स्टैंडर्ड की खबर में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

साथियों बात अगर हम अर्थव्यवस्था को गति देने में भारत के बहुत बड़े उद्योग समूह द्वारा पुत्र की शादी को सिंपल रूप से कर 10 हजार करोड़ सरकार को दान देने की करें तो, एक उद्योग समूह के चेयरमैन के छोटे बेटे जीत और दिवा शाह परिणय सूत्र में बंध गए हैं। अरबपति उद्योगपति ने न केवल शादी को साधारण रखा बल्कि 10, हजार करोड़ रुपये का दान भी दिया। उनके दान का बड़ा हिस्सा हेल्थकेयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट पर खर्च होने वाला है। समूह का ये प्रयास समाज के सभी वर्गों को किफायती विश्व स्तरीय अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की सुविधा मुहैया कराने पर केंद्रित है। इसके अलावा किफायती शीर्ष स्तरीय के-12 स्कूलों और सुनिश्चित रोजगार क्षमता के साथ अपग्रेडेड ग्लोबल स्किल एकेडमी के नेटवर्क तक पहुंच का प्रयास किया जाएगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने नए आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी। नया आयकर अधिनियम 2025 संसद में पेश होगा-बिल वित्त पर बनी संसदीय

Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 40 | रविवार, 09 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास, कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ा

# दिल्ली में 27 साल बाद खिला कमल

**नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में आखिरकार 27 वर्षों बाद कमल खिल गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए सेवा का एक मौका मांगा था और भरोसा दिया कि दिल्ली को संवारने के लिए वह स्वयं समय देंगे।

यह उनकी लोकप्रियता, विश्वसनीयता, आक्रामक चुनाव प्रचार और मजबूत बूथ प्रबंधन का ही नतीजा है कि दिल्लीवालों ने न सिर्फ पूर्ण बहुमत दिया, बल्कि दो-तिहाई बहुमत से ज्यादा सीटें देकर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बना दी। भाजपा 70 में से 48 सीटें जीतने में सफल रही। यानी वर्ष 2020 के आठ सीटों के मुकाबले इस बार 40 ज्यादा सीटें जीतीं। वहीं, पिछले तीन चुनावों में क्रमशः 28, 67 और 62 सीटें जीतकर सरकार बनाने वाली आम



आदमी पार्टी को महज 22 सीटें मिलीं, जो उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। भगवा लहर में आप के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मंत्री सौरभ भारद्वाज, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सहित पार्टी के कई बड़े नेता चुनाव हार गए। मुख्यमंत्री आतिशी को भी कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा, लेकिन वह लगभग 3,500 मतों से चुनाव जीतने में सफल रहीं। कांग्रेस के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। उसका मत प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन लगातार तीसरे चुनाव में भी उसका खाता नहीं खुल सका। विधानसभा गठन के बाद वर्ष 1993 में दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी थी। पांच साल बाद 1998 में हुए चुनाव में कांग्रेस को सत्ता मिली। उसके बाद से भाजपा सत्ता में वापसी नहीं कर सकी थी। पहले 15 वर्षों तक कांग्रेस और उसके बाद आप की सरकार रही। लोकसभा में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी भाजपा विधानसभा चुनाव जीतने से चूक जाती थी। वर्ष 2014 व वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटें जीतने के कुछ माह बाद हुए विधानसभा चुनावों में उसे बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए पार्टी इस बार सतर्क थी और लोकसभा चुनाव के बाद से ही तैयारी शुरू कर दी थी। आप का मजबूत वोट बैंक समझी जाने वाली झुग्गी बस्तियों में पार्टी ने जून से ही जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया था। इसके साथ ही केजरीवाल व आप सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को पार्टी ने मुद्दा बनाना शुरू कर दिया था। शराब घोटाला और शीशमहल के मामले को पार्टी ने जोरदार ढंग से उठाया। चुनाव प्रचार शुरू होने पर भ्रष्टाचार के आरोपों को और धार दिया गया। पीएम मोदी ने दिल्ली की बदहाली के लिए आप सरकार के भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराते हुए इसे आप-दा कहकर संबोधित किया।

### भाजपा की जीत के पांच प्रमुख कारण

- मोदी की गारंटी... मैं संवारूंगा दिल्ली और अनेक जनकल्याणकारी घोषणाएं।
- महिला दिवस से पहले महिलाओं के खाते में 2,500 रुपये देने का एलान।
- आयकर में राहत व केंद्रीय कर्मियों के लिए आठवें वेतन आयोग की घोषणा।
- छह माह पूर्व से ही झुग्गी झोपड़ियों में भाजपा नेताओं का जनसंपर्क अभियान।
- आप सरकार के भ्रष्टाचारों को चुनावी मुद्दा बनाने में सफल रही भाजपा।

### आप की हार के पांच प्रमुख कारण

- शीशमहल व आबकारी घोटाला समेत भ्रष्टाचार के आरोपों में बड़े नेताओं का घिरना।
- पानी की कमी, गंदा पानी, सीवर जाम और टूटी सड़कों के कारण लोगों में नाराजगी।
- विकास के कार्य ठप हो जाना और काम न होने के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराना।
- यमुना के पानी में जहर मिलाने की बात कहने से पार्टी की जमकर फजीहत होना।
- झुग्गी वाले मतदाताओं का छिटना और कांग्रेस का कई सीटों पर मजबूती से लड़ना।

## पूरब-पश्चिम, उत्तर से दक्षिण लहरा रहा भगवा



**नई दिल्ली।**

पार्टी और उसके सहयोगियों ने पांच राज्यों - आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा और महाराष्ट्र में सरकारें बनाईं। सिक्किम में एसकेएम के साथ भाजपा का गठबंधन चुनाव से पहले टूट गया, हालांकि दोनों केंद्रीय स्तर पर गठबंधन में बने हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में 27 साल का लंबा सूखा समाप्त कर लिया है। अब तक, 70 सीटों में से बीजेपी 48 पर आगे है, जबकि आम आदमी पार्टी 22 पर आगे है। यह चुनाव बीजेपी के चेहरे के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लड़ा गया था। इस जीत के साथ, भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन अब 21 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में शासन करेगा। दिल्ली समेत अब 15 राज्यों में अकेले बीजेपी की सरकार है। 2024 में पीएम मोदी ने लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक कार्यकाल हासिल किया।

1. उत्तर प्रदेश (भाजपा)
2. महाराष्ट्र (भाजपा)
3. मध्य प्रदेश (भाजपा)
4. गुजरात (भाजपा)
5. राजस्थान (भाजपा)
6. ओडिशा (भाजपा)
7. असम (भाजपा)
8. छत्तीसगढ़ (भाजपा)
9. हरियाणा (भाजपा)
10. दिल्ली (भाजपा)
11. उत्तराखंड (भाजपा)
12. त्रिपुरा (भाजपा)
13. गोवा (भाजपा)
14. अरुणाचल प्रदेश (भाजपा)
15. मणिपुर (भाजपा)

**एनडीए अलायंस**

16. आंध्र प्रदेश (टीडीपी)
17. बिहार (जेडीयू)
18. मेघालय (एनपीपी)
19. नागालैंड (एनडीपीपी)
20. सिक्किम (एसकेएम)
21. पुडुचेरी (एआईएनआरसी)

### केजरीवाल के इस बयान ने मचाया हड़कंप

## २०२५ छोड़िए २०५० तक हम राज करेंगे, आप को हराने के लिए मोदी जी को लेना होगा दूसरा जन्म



**नई दिल्ली।**

अरविंद केजरीवाल का एक और दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो कहते नजर आ रहे हैं कि अगर आप रोकने की कोशिश करोगे और फिर सोचोगे कि मैं दिल्ली जीत लूं।

इस जन्म में तो नहीं जीत पाओगे मोदी जी। इससे एक कदम आगे बड़ते हुए अरविंद केजरीवाल बोलते नजर आते हैं कि 2025 तो छोड़ो 2050 का चुनाव भी दिल्ली में नहीं जीत पाओगे। दिल्ली चुनाव के नतीजों ने पूरे देश को हैरान कर दिया है। 27 साल बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सरकार बना रही है। आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेता चुनाव हार गए। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, अवध ओझा सब चुनाव हार गए हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ऐसी हालत होगी ये किसी ने सोचा तक नहीं था। इसी बीच अरविंद केजरीवाल के एक बयान ने तूफान उठा दिया है। वैसे तो ये बयान कुछ पुराना है लेकिन इस वक्त ये आग की तरह फैल रहा है। अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को चैलेंज देते हुए कहा था कि आप हमें इस जन्म में तो नहीं हरा सकते। हमें हराने के लिए आपको नया जन्म लेना होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मोदी जी 2025 छोड़िए 2050 तक हम राज करेंगे।

### दिल्ली में 'आप' के हाथ से सत्ता जाना बिहार के क्षेत्रीय दलों के लिए सबक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाद बिहार में ही घमासान की बारी है, जहां अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार-जीत का असर बिहार के दोनों गठबंधनों पर सीधा पड़ेगा। पड़ता भी रहा है। कड़े संघर्ष एवं लंबे इंतजार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) पर विजय से भाजपा का आत्मबल बढ़ा है।

इससे जदयू को उसकी बराबरी में खड़ा रहने के लिए अतिरिक्त दांवपेंच की जरूरत पड़ेगी। देश की राजधानी से एक सशक्त क्षेत्रीय दल की पराजय का सर्वाधिक असर राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों पर पड़ सकता है। कांग्रेस को बहुत नजरअंदाज करके नहीं चला जा सकता है। दिल्ली में कांग्रेस हारी जरूर है, लेकिन मकसद को बचाकर रखा है।

## अमेरिका में 8 दिन में तीसरा विमान हादसा, अलास्का क्षेत्र में मिला मलबा, 10 की मौत

**वाशिंगटन।**

पश्चिमी अलास्का में एक छोटा यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसका मलबा शुक्रवार को समुद्री बर्फ के टुकड़े पर मिला। उस पर सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई।



अमेरिकी तट रक्षक के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने कहा कि बचावकर्मी हेलीकॉप्टर द्वारा अंतिम ज्ञात स्थान की खोज कर रहे थे, तभी मलबा दिखाई दिया। जांच के लिए दो बचाव तैराकों को नीचे उतारा गया। बेरिंग एयर का सिंगल-इंजन टर्बोप्राप विमान गुरुवार दोपहर 2:37 बजे अनलाकलीट से रवाना हुआ और एक घंटे से भी कम समय के बाद उससे संपर्क टूट गया। उस समय तापमान माइनस 8.3 डिग्री सेल्सियस था और कोहरे के बीच हल्की बर्फबारी हो रही थी। अमेरिका में पिछले आठ दिनों में यह तीसरी विमान दुर्घटना है। 29 जनवरी को देश की राजधानी के पास एक वाणिज्यिक जेटलाइनर और सेना के हेलीकॉप्टर की टक्कर हो गई। इसमें 67 लोगों की मौत हो गई।

### 'अराजकता, अहंकार और आप-दा की हुई हार'

## पीएम बोले- जिन्हें मलिक होने का घमंड था, उन्हें दिल्ली ने नकार दिया

**नई दिल्ली।**

दिल्ली भाजपा के सांसदों ने भी नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। यमुना मैया की जयकारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है।



उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को अअढ-दा से मुक्त कराने का है। भाजपा ने 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भारी जीत हासिल की है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की जीत के जश्न में शामिल होने पर भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। दिल्ली भाजपा के सांसदों ने भी नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। यमुना मैया की जयकारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है। उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को अअढ-दा से मुक्त कराने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने हर दिल्ली वासी के नाम एक पत्र भेजा था और आप सबने हर परिवार में मेरा ये पत्र पहुंचाया था। मैंने दिल्ली से प्रार्थना की थी कि 21वीं सदी में भाजपा को सेवा का अवसर दीजिए, दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने के लिए भाजपा को मौका दीजिए। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के हर परिवारजन को मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए सिर झुकाकर नमन करता हूं। मैं दिल्ली वासियों के आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि दिल्ली ने दिल खोलकर हमें प्यार दिया है। और मैं दिल्ली वासियों को फिर से एक बार विश्वास दिलाता हूं कि आपके इस प्यार को सवा गुना करके विकास के रूप में हम लौटाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की ये विजय ऐतिहासिक है। दिल्ली के लोगों ने अअढ-दा को बाहर कर दिया है। एक दशक की अअढ-दा से दिल्ली मुक्त हुई है। दिल्ली का जनादेश स्पष्ट है - आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है।

## दिल्ली में आम आदमी पार्टी की शिकस्त पंजाब के लिए वार्निंग

**चंडीगढ़।**

आम आदमी पार्टी की दिल्ली में हुई हार पंजाब के लिए वार्निंग है। ऐसा मानना है, पंजाब के एक सीनियर मंत्री का। पार्टी के नेता यह महसूस कर रहे हैं कि पार्टी के बड़े दिग्गजों का हारना उनके लिए सही नहीं है।

आने वाले दिनों में वह बड़े स्तर पर बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन यह प्रशासनिक होगा या राजनीतिक... सबसे

### केजरीवाल और सिसोदिया की हार से क्या होंगे बदलाव

बड़ा सवाल यह है। पार्टी के इन सीनियर नेताओं का मानना है कि सरकार में नए सिरे से फैसले लेने होंगे क्योंकि पार्टी को इस बात की चिंता है कि दिल्ली की पंजाबी बाहुल सीटों पर पार्टी को बुरी तरह से हार मिली है जबकि पिछले चुनाव के दौरान यही पार्टी का मजबूत वर्ग था। पार्टी के उन सीनियर विधायकों जिनकी ड्यूटी पंजाबी बाहुल सीटों पर लगी हुई थी, ने बताया कि उन्होंने इन सीटों की कई गुरुद्वारा कमेटियों से बात की और सभी ने कहा कि इस बार वे आम आदमी पार्टी के पक्ष में वोट नहीं करेंगे। कारणों के बारे में उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी को पूरे पंजाबी और विशेष रूप से सिख समाज ने वोट दिए और डटकर मदद भी की लेकिन दोनों कार्यकाल में एक भी सिख को मंत्री नहीं बनाया गया।



## शादी की खुशियां बदली मातम में

# सड़क हादसे में दूल्हे समेत दो की मौत, परिवार में मचा कोहराम

■ मिठाई लेने गया दूल्हा सतीश कभी वापस नहीं लौटा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** खुशियों से भरे एक परिवार को एक पल ने गमहीन कर दिया। जिससे परिवार में खुशियों की जगह मातम पसर गया। यह मामला तब का है जब एक नवविवाहित दूल्हे की सड़क हादसे में मौत हो गई। ठाकुरद्वारा निवासी सतीश की शादी मीरगंज के गांव संग्रामपुर निवासी स्वाति के साथ गुरुवार को धूमधाम से संपन्न हुई थी। शादी के बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन यह खुशी कुछ ही घंटों में मातम में बदल गई, शादी के बाद, रात को कुछ रिश्तेदारों को विदा करना था। इस अवसर पर मिठाई लाने के लिए सतीश अपने फुफेरे भाई सचिन (20), बहन के देवर विजनेश (25), दोस्त रोहित (20) और एक अन्य व्यक्ति के साथ कार से शहर गया था। लेकिन रास्ते में इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक ढाबे के पास उनकी कार खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विजनेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सतीश, रोहित और अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सतीश ने भी दम तोड़ दिया। जब यह खबर दुल्हन और परिवार के अन्य सदस्यों तक मिली, तो खुशियों का माहौल अचानक मातम में बदल गया। जिस घर में कुछ ही घंटे पहले ढोल-नगाड़े बज रहे थे, वहां अब रोने-चीखने की आवाजें गूंज रही थीं। नई नवेली दुल्हन स्वाति बेसुध हो गई, और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

■ **गांव में पसरा मातम, परिजनों का बुरा हाल:** इस घटना से सतीश के माता–पिता और परिजन गहरे सदमे में हैं। उनकी मां का रो–रोकर बुरा हाल है, जबकि पिता यह सोचकर टूट गए कि चंद घंटों पहले बेटे की शादी की खुशियां मना रहे थे, और अब उसका अंतिम संस्कार करना पड़ेगा। वहीं सचिन की नवविवाहित पत्नी स्वाति के लिए यह सबसे बड़ा आघात है कि शादी के चंद घंटों में ही उसकी मांग का सिंदूर मिट जाएगा। वह बार–बार बेहोश हो रही थी, और पूरे माहौल में सिर्फ सिसकियों की आवाजें गूंज रही थीं। गांव के लोग, रिश्तेदार और प्रशासन के अधिकारी परिवार को सांत्वना देने पहुंचे, लेकिन इस असहनीय दुख में कोई भी शब्द मरहम लगाने में असमर्थ थे। पूरा गांव गमगीन माहौल में डूबा हुआ है, और हर किसी की आंखें नम हैं।

■ **सड़क सुरक्षा पर फिर उठे सवाल:** इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या सड़क किनारे खड़े ट्रक हादसों की बड़ी वजह नहीं बन रहे हैं ? क्या प्रशासन को इन पर सख्त कदम नहीं उठाने चाहिए?

# भाजपा सदस्य शारिक अब्बासी ने लगाए पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष पर गंभीर आरोप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले में एक मानहानि का मामला उभरकर सामने आया है, जिसको लेकर भाजपा के सक्रिय सदस्य शारिक अब्बासी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से शारिक अब्बासी के खिलाफ भ्रामक प्रचार किया जा रहा है।

शारिक अब्बासी, जो अखिल भारतीय अब्बासी वैलफेयर एसोसिएशन, बरेली के जिला अध्यक्ष भी हैं, ने अपनी शिकायत में बताया है कि पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बरेली के महानगर अध्यक्ष अनीस अंसारी, फरहा, मुस्कान और जावेद अंसारी ने उनकी छवि को धूमिल करने के प्रयास किए हैं। शिकायत के अनुसार, फरहा मुस्कान की फेसबुक आईडी से 07 फरवरी 2025 को और उससे पहले कई पोस्ट की गईं, जिनमें शारिक के खिलाफ गलत आरोप लगाए गए थे।

शारिक ने आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्तियों द्वारा न केवल उन्हें बल्कि भारतीय जनता पार्टी और उसके कार्यकताओं को भी बदनाम करने की कोशिश की गई है। शारिक अब्बासी ने बताया है कि अनीस अंसारी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, जब उनके खिलाफ रेप के आरोप लगे थे। वहीं, अनीस अंसारी ने भी फरहा मुस्कान के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा पंजीकृत कराया था। शारिक अब्बासी ने इस मामले में बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि संबंधित पोस्ट और ऑडियो रिकॉर्डिंग के प्रमाण भी उन्होंने पुलिस को सौंपे हैं।

# पत्रकार संगठन द्वारा आयोजित माघी खिचड़ी में हजारों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** पत्रकारों और सूचना विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से पत्रकार संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया की जिला इकाई द्वारा बाबा बागनाथ मन्दिर परिसर में माघी खिचड़ी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों और स्कूली छात्रों ने माघी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।बाबा बागनाथ मंदिर में सुबह से ही खिचड़ी प्रसाद का भोग पाने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। वही माघी खिचड़ी में प्रमुख रूप से जिले के वरिष्ठ पत्रकार बंधुओ के साथ अन्य लोगों ने भी अपना सहयोग दिया।

इस दौरान कार्यक्रम के कुशल आयोजन में एनयूजेआई जिलाध्यक्ष गोविन्द मेहता, वरिष्ठ पत्रकार अशोक लोहुमी, योगेश नगरकोटी, लोकपाल कोरंगा, सीसीएन न्यूज चैनल के सीईओ महेश जोशी, पूरन दोसाद, सुस्मिता थापा, सुरेश पाण्डे, दीपक जोशी, हिमांशु गड़िया, हरीश नगरकोटी, मनोज कुमार, कपकोट इकाई अध्यक्ष तनुज तिरूवा, मनोज टँगड़िया, नरेंद्र बिष्ट, हिमांशु जोशी, रोहिणी जोशी, सहित गरुड़ इकाई के अनिल पांडे, चन्द्रशेखर बड़सीला, पीएल वर्मा, गणेश उपाध्याय, सहित सूचना विभाग के वरिष्ठ लिपिक सहायक दीप भट्ट और सुनील कुमार, बिशन लुमियाल, सहित नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, सहित पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष हरीश सोनी, मनोज पांडे, राजेश पांडे, दीपक कुमार, प्रकाश दुबे, सहित अन्य लोग मौजूद थे। सभी भक्तों ने पत्रकारों द्वारा आयोजित विशाल माघी खिचड़ी आयोजन की सराहना की।

# अहमद शिक्षण संस्थान में वार्षिकोत्सव समारोह 10 को

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के अहमद शिक्षण संस्थान छाता में सुबह 10 बजे से वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अतीक अहमद और प्रबंधक मुहम्मद साकिब खान ने दी।

# शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले जाने के मामले में वाँछित गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला उ0नि0 प्रमेश मिश्र, हे0का0 सतीश सिंह, हे0का0 प्रकाश सिंह ने मु0अ0सं0 265/2024 धारा 87/61(2) बीएनएस थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता शशी कपूर कहार पुत्र दिनेश कहार निवासी मकनाखोर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को बरगदवा खुर्द नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादी द्वारा थाना बेलहरकला पर वादी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# टीबी अभियान के तहत टोल प्लाजा बरौस पर लगाया नि:क्षय शिविर



**हाथरस।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत हाथरस से आगरा रोड पर बने टोल प्लाजा, बरौस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सादाबाद आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के सीएचओ संदीप एवं आशा सीमा शर्मा के साथ-साथ बरौस के ग्राम प्रधान राकेश कुमार के सहयोग से नि:क्षय शिविर लगाकर कार्य कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों को जागरुक करते हुये जानकारी दी कि सिर्फ खाँसी ही टीबी का लक्षण नहीं है, टीबी के और भी लक्षण हो सकते हैं जैसे बलगम वाली खाँसी, बलगम में खून आना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर के किसी हिस्से में गाँठ होना, हाल में हुये शारीरिक बदलाव, वजन में गिरावट, रात में पसीना आना, पुरानी बीमारी एवं थकान। समस्त अधिकरियों-कर्मचारियों को टीबी मुक्त भारत की शपथ कराते हुये एक्सरे एवं बलगम के स्वास्थ्य परीक्षण को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सादाबाद भेजा गया। 'जन-जन का रखे ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान‘ ‘टीबी हारेगा, देश जीतेगा‘ ‘टीबी हारेगा, हाथरस जीतेगा।

# बीएसएफ के रिटायर्ड कर्मचारी ने बाज के बच्चे का किया रेस्क्यू

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के एक नाले में फंसे एक बाज के बच्चे का बीएसएफ के एक रिटायर्ड कर्मचारी ने रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। इस बाज के बच्चे को रिटायर्ड कर्मचारी ने अपनी वर्कशॉप के सामने बने नाले में जैसे ही देखा उन्होंने तुरंत इसको रेस्क्यू करने के लिए अपने घर में रखें संसाधनों से योजना बनाई, फिर धीरे-धीरे नाले से इस बाज के बच्चे को बाहर निकाला, बीएसएफ के रिटायर्ड कर्मचारी मनी सिंह इस समय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश उप सचिव भी हैं, और समाज हित के लिए कार्य कर रहे हैं, मनी सिंह का इस बाज के बच्चे के रेस्क्यू पर कहना है कि हम एक तरफ मानवाधिकारों की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ हमें पशु पक्षियों को लेकर भी मानवता दिखानी चाहिए, हम सभी जीवो को प्रेम करते हैं और संसार के प्रत्येक व्यक्ति को जीव रक्षा के लिए आगे आना चाहिए, आज जब हमने इस बाज के बच्चे को नाले में फंसा हुआ देखा तो हमें अंदर से पीड़ा महसूस हुई, वह नाले में झटपटा रहा था लेकिन उड़ नहीं पा रहा था, जिसके बाद हमने इस बाज के बच्चे का रेस्क्यू कर नाले से बाहर निकाला, यह पूरी तरीके से कीचड़ में सना हुआ था जिसके बाद हमने इसे गर्म पानी से निलहाया और धूप सेकने के लिए बिठा दिया, अब यह सुरक्षित है और इसे हम पालने की मंशा रखते हैं।

# आनन्द वृन्दावन में धूमधाम से मनाया गया स्वामी अखंडानंद सरस्वती का सन्यास जयंती महोत्सव



**वृन्दावन।** मोतीझील क्षेत्र स्थित आनन्द वृन्दावन (अखंडानंद आश्रम) में आश्रम के संस्थापक स्वामी अखंडानंद सरस्वती का सन्यास जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।महोत्सव के अंतर्गत पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा का संतों व भक्तों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया गया ।तत्पश्चात उनकी विशेष आरती की गई।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सन्त प्रवर स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज वेद-वेदांत, उपनिषद, श्रीमद्भगवद्गीता, रामायण आदि धर्मग्रंथों के अलावा भक्ति शास्त्र के भी प्रकांड विद्वान थे ।पूज्य महाराजश्री के द्वारा रचित ग्रंथों को पढ़कर असंख्य लोग आज भी प्रभु भक्ति का अपार आनन्द प्राप्त कर रहे हैं। अखंडानंद आश्रम के अध्यक्ष महंत स्वामी श्रवणानन्द सरस्वती महाराज व डॉ. स्वामी गोविंदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव पूज्य स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज ने सन् 1942 में प्रयागराज अर्धकुंभ के अवसर पर ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्रीस्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज से सन्यास परंपरा की दीक्षा ली थी ।तत्पश्चात वे शांतनु बिहारी द्विवेदी से स्वामी अखंडानंद सरस्वती नाम से प्रसिद्ध हुए।

स्वामी महेशानंद सरस्वती महाराज व संत सेवानंद ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि सद्गुरुदेव स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज अत्यंत उदारवादी व सेवाभावी संत थे। वे प्रत्येक प्राणी मात्र में परमात्मा का दर्शन करते थे ।वर्तमान में नई पीढ़ी के लिए पूज्य महाराजश्री का जीवन दर्शन सदैव ही प्रेरणा व ऊर्जा प्रदान करने वाला है। महोत्सव में संत शिव स्वरूप महाराज, स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती महाराज, स्वामी प्रेमानंद महाराज, पण्डित विजय दीक्षित, श्रीराम चैतन्य महाराज, आचार्य शिव स्वरूप महाराज, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, संत रामनरेश महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा एवं आचार्य मनोज शुक्ला आदि की उपस्थिति विशेष रही ।संचालन संत सेवानंद ब्रह्मचारी महाराज ने किया ।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# गोवर्धन गिरिराज में प्रसाद के नाम पर बिक रहा है जहर

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज धाम गोवर्धन और संपूर्ण परिक्रमा मार्ग दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद मंदिर, जतीपुरा और राधाकुंड के बाजारों में नकली मीठे जहर का कारोबार खूब फल फूल रहा है। खाद्य विभाग सुविधा शुल्क लेकर आंखों पर पट्टी बांधकर मौन चुप्पी सादे बैठा है, और उसकी चुप्पी का फायदा उठाकर मंदिरों के आसपास प्रसाद की दुकानों के दुकानदार खूब सिंथेटिक दूध और नकली खोवा से बनी मिठाइयां बेचकर श्रद्धालुओं की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। गिरिराज धाम गोवर्धन में हर महीने लाखों श्रद्धालु परिक्रमा करने आते हैं।

लौटते हुए गिरिराज जी का प्रसाद अवश्य लेकर जाते हैं। प्रमुख मंदिरों के आसपास सैकड़ों दूध प्रसाद की दुकानें खुली हैं, जिनमे दूध के नाम पर सिंथेटिक दूध औ ? पेड़ा प्रसाद के नाम पर बाहर से मंगाए हुए खोवा रूपी जहर के पेड़े, बर्फी कलाकन्द बेचे जा रहे हैं।

खाद्य विभाग को हर महीने बाजार में उपस्थित कुछ ठेकेदार लाखों रुपये महीने घर बैठे ही पहुंचा देते हैं जिससे कि खाद्य विभाग कभी बाजार में क्या बिक रहा है औ ? उससे ग्राहकों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ये देखने की जहमत तक नही उठाता। दुकानदार लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर लाखों रुपए महीने कमा रहे हैं।

# भाजपा की दिल्ली जीत पर मिठाई वितरण कर खुशी जाहिर की

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के कार्यकताओं ने शनिवार को हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा के नेतृत्व में श्री कृष्ण जन्म स्थान के गेट नंबर 1 पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली प्रदेश में प्रचंड जीत पर मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सत्य सनातन धर्म की जय, के जयकारे लगाए इस अवसर पर हिंदूवादी नेता दिनेश फहलारी ने कहां की 10 वर्ष तक केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को नरक बनाकर रख रखा था, यह लोग भारतीय सेना पर उंगली उठाते थे एवं झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे थे दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत देकर सनातन की जीत सुनिश्चित की है। दिल्ली की जनता इसके लिए धन्यवाद की पात्र है

जिला अध्यक्ष गुंजन शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक, विश्व हिंदू परिषद नेता जयराम शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगी।

सनातन रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित पंकज गौतम ने कहा कि दिल्ली प्रदेश में यह प्रचंड जीत सनातन की अपनी 27 साल बाद ऐतिहासिक जीत है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अश्वनी शर्मा, राहुल गौतम, अंकुर ठाकुर, अंकित ठाकुर, दिलीप गौतम, मंडल महामंत्री बलराम शर्मा, आदि उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियाद

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से थाना सासनी पर जनसुनवाई की गयी । जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी सासनी, क्षेत्राधिकारी नगर, तहसीलदार सासनी, प्रभारी निरीक्षक सासनी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे । जनसुनवाई के दौरान व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया ।

इस दौरान कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । इस दौरान राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व टीम के सहयोग से मामलों के निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए गए ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक सासनी को थाने पर आने वाले शिकायतकताओं के साथ शिष्ट आचरण करने तथा उनकी समस्याओं को सुनकर शीघ्र गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया ।इसी क्रम में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी-थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर जनसुनवाई की गई ।

जनसुवाई के दौरान आये हुए फरियादियों को समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

# दिल्ली में बीजेपी की प्रचंड जीत पर हाथरस में भाजपा कार्यालय पर मनाया जश्न

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में हुई प्रचण्ड जीत पर भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के नेतृत्व में बड़े हर्ष उल्लास के साथ ढौल नगाडों के साथ आतिशबाजी की एवं मिष्ठान वितरण कर जीत का जश्न मनाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने बताया कि दिल्ली में पार्टी की बम्पर जीत, कार्यकताओं की मेहनत एवं पार्टी की नीतियों के विश्वास की जीत है, भाजपा की नीतियों से जन-जन को जो लाभ मिल रहा है उससे आमजन बहुत ही प्रसन्न हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बन रही है, दिल्ली के सभी कर्मठ कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को बहुत-बहुत शुभकामनायें।

इस अवसर पर सिकंदरराऊ विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि केजरीवाल का झूठ का पुलंदा जनता के सामने आ चुका है एवं दिल्ली की जनता ने उन्हें पूर्णतः नकार दिया है और दिल्ली की यह विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी इसी प्रकार जारी रहेगी।

कार्यक्रम में हरिशंकर राना, रामकुमार माहेश्वरी, हरीश सेंगर, तपन जौहर, मुकेश चौहान, भूपेन्द्र कौशिक, सचिन वर्मा, कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय, विवेक गुप्ता, प्रवीन कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता कप्तान, अशोक गोला, देवेश गौतम, जितेन्द्र कुमार, राज कश्यप, डम्वेश चक, सोनिया नारंग, राजकुमार जैन, भोला सिंह रावत, नवनीत गौतम, राजकुमार गुप्ता, पवन सिकरवार, पुनीत शर्मा, चरन सागर, पिंटू खटीक, प्रदीप सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आप हमें काम बताएं काम करना हमारी जिम्मेदारी: जिला पंचायत अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**मथुरा/सोंख।** शनिवार को मिठ्टल नगर के अनुसूचित जाति की सरदारी के ग्रामीण सैकड़ों की शंखया में केएम विश्वविद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपने गांव की प्रमुख समस्याओं से जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा है।

जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द आपके मिठ्टल नगर में विकास कराते हुए आपकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष के बड़े भाई देवी सिंह उर्फ डीएम साहब ने बताया मिठलनगर की सरदारी के अनुसूचित जाति के सैकड़ों लोग विकास से वंचित रहे है, यह ऐसे लोग है जो राजनैतिक लोगों से नहीं मिल पाते है। यहां रमेश बीटीसी सक्रिय व्यक्ति है, जो अपनी सरदारी के सैकड़ों लोगों के साथ यहां अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे है। उन्होंने बताया है कि चुनाव के समय वोट तो मांगने आते है लेकिन हमारे यहां कोई विकास नहीं हुआ है, उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन दिया है।

# डीएम ने किया निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने खोली में निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पूरे निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित होने पर संबंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान देने के भी कड़े निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था से अब तक निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि समस्त निर्माण कार्य तय समय में ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री मानक के अनुरूप हो तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों के उपयोग में लायी जा रही सामग्री के नमूने परीक्षण कराने हेतु लैब में भेजने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए आवश्यकता अनुसार मजदूरों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए, ताकि निश्चित समय सीमा के अंदर क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। और जनता को इसका लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने क्रिटिकल केयर यूनिट के गुणवत्तापरक निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए सीएमओ को भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि खोली में कार्यदायी संस्था ब्रिडकुल द्वारा 1225.39 लाख की लागत से 50 बैड का क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी, ब्रिटकुल के अधिकारी मंजीत देशवाल आदि अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, लाठी-डंडों से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

**बरेली।** मामूली कहासुनी देखते ही देखते खूनी झगड़े में तब्दील हो गई, जब ग्राम समाज की जमीन को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना थाना सीबीगंज क्षेत्र के चंदपुर जोगियान गांव की है, जहां 28 वर्षीय प्रताप गोस्वामी पर पड़ोसियों ने बेरहमी से हमला कर दिया। घायल प्रताप गोस्वामी ने बताया है कि ग्राम समाज की जमीन के कब्जे को लेकर पड़ोसी बृजेश से उसकी कहासुनी हो गई थी। मामला इतना बढ़ गया कि बृजेश और अरविंद ने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। प्रताप के परिजनों ने बताया कि झगड़े के दौरान उसे सिर, हाथ और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव किया और पुलिस को सूचना दी।घटना की जानकारी मिलते ही सीबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रताप को मेडिकल के लिए अस्पताल भिजवाया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की सफलता को स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

वेलकम इंडिया




**टाण्डा।** आगामी 10 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के नेतृत्व में गांव में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया और उनसे अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने की अपील की।रैली में शामिल बच्चों ने हाथों में बेनर एवं जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाए।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए बीईओ मनोज कुमार बोस के मार्गदर्शन में शनिवार को परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने शिक्षकों के नेतृत्व में ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा के प्रत्येक गांव में रैलियां निकालकर लोगों को कृमि संक्रमण के प्रति जागरूक किया।रैली के दौरान स्कूली बच्चे संक्रमण से बचाव के नारे लगा रहे थे।

कृमि भगाओ, सेहत बचाओ।पेट के कीड़े दूर भगाएं, स्वस्थ जीवन अपनाएं।

शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ग्रामवासियों को बताया कि 1 से 19 साल तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना आवश्यक है, क्योंकि कृमि संक्रमण से बच्चों की सेहत प्रभावित होती है।शिक्षकों ने ग्रामीणों को बताया कि कृमिनाशक दवा पूरी तरह सुरक्षित है और यह सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने अभिभावकों को प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों को यह दवा जरूर खिलाएं और किसी भी प्रकार की भ्रांतियों पर विश्वास न करें।उन्होंने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को

10 फरवरी को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी,जबकि 14 फरवरी को मॉप-अप राउंड में छूटे हुए बच्चों को दवा दी जाएगी।

## एएसपी ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण



**कांधला।** शनिवार को एएसपी ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया इस दौरान एएसपी ने गार्ड आफ आनर देकर सलामी दी गई। इसके पश्चात एएसपी संतोष कुमार सिंह के द्वारा थाने के कार्यालय, हवालात व मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने असलहों तथा रजिस्टरों के रख रखाव के साथ ही साफ,सफाई का जायजा लिया। एएसपी ने कहा कि फरियादियों से पुलिस मधुर व्यवहार अपनाएं और शिकायतों को गंभीरता से लेकर उन पर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। थाने पर में बन रही निमार्णाधीन बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया। एएसपी ने सभी चौकी प्रभारियों की मीटिंग लेते हुए लंबित विवेचनाओ को पूर्ण करने के निर्देश दिए। एएसपी के निरीक्षण के दौरान सभी पुलिसकर्मी अलर्ट मोड पर नजर आए। एएसपी के जाने के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

# मिल्कीपुर और दिल्ली विजय पर जमकर नाचे धीरज ओझा



वेलकम इन्डिया

मिल्कीपुर उपचुनाव और दिल्ली में कमल खिलने पर भाजपा जिला कार्यालय पर आतिशबाजी कर जश्न मनाते हुए ढोल नगाड़े पर जमकर नाचे रानीगंज के पूर्व विधायक धीरज , पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा और सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने ढोल नगाड़े की धुन पर जमकर नृत्य किया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित विजय उत्सव में जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश त्रिपाठी, पूनम इंसान, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र नाथ शुक्ला, जिला महामंत्री राजेश सिंह समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान पर चर्चा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार को क्षेत्र के सरस्वती कन्या पीजी कॉलेज सरकथल में एनएसएस शिविर का तृतीय दिवस ₹बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ₹ व महिला साक्षरता के रूप में मनाया गया। स्वयंसेविकाओं ने हाथों में पोस्टर लेकर रैली निकालते हुए ग्राम महमदपुर में घर-घर जाकर अनपढ़ महिलाओं को साक्षरता का महत्व बताया। छात्राओं ने महिलाओं को बताया कि बेटियों को भी बेटों के समान ही खूब पढाना चाहिए।

इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक राजकुमार चौहान एडवोकेट ने शिविर स्थल पर पहुंचकर स्वयंसेविकाओं का हौसला बढ़ाया और उनको संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के हर कोने में महिलाएं बहुत उन्नति कर रही हैं। आज बेटियां बेटों से कम नहीं हैं।बेटियों की उच्च शिक्षा से समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर ज्योति रानी, राजेंद्र सिंह, केवेंद्र सिंह, डॉक्टर अर्पणा शर्मा, विजयपाल सिंह और सुमन आदि उपस्थित रहे।

## हादसे में दरोगा की मौत



**प्रतापगढ़।** जिले में तैनात एसआई शेषनाथ यादव की शनिवार 7 फरवरी को हुए सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना तब हुई जब वह जौनपुर में अपने साले की शादी से वापस प्रतापगढ़ लौट रहे थे। एसआई शेषनाथ यादव नगर कोतवाली देहात में तैनात थे। मिली जानकारी के मुताबिक गाजीपुर के मूल निवासी शेषनाथ यादव 2016 में उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई के पद पर भर्ती हुए थे। उनकी तैनाती प्रतापगढ़ जिले की देहात कोतवाली में थी। वह अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए जौनपुर आये थे। यहां से शनिवार सुबह प्रतापगढ़ वापस लौट रहे थे। तभी जौनपुर जिले की सीमा में समाधगंज के पास टेकारी मोड़ के पास हुए मार्ग दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज के सीओ समेत कई पुलिस कर्मी सिकरारा थाने पहुंच गए।

## थाना प्रांगण में आयोजित हुआ समाधान दिवस




**कांधला।** थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया थाना समाधान दिवस में एडिशनल एसपी एवं तहसीलदार ने संयुक्त रूप से थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। शनिवार को थाना प्रांगण में शासन के निर्देश पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में पहुंचे एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार राहुल सिंह ने थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र से आए कई लोगों ने दोनों अधिकारियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्या रखी। एडिशनल एसपी एवं नायब तहसीलदार ने टीम को भेज कर जांच कर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग, नगर पालिका टीम, एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ किया गया



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पी एन सिंह के द्वारा ग्राम शाहपुर खेड़ी में कृषक वीर सिंह/ बृजपाल सिंह के यहां कोशा 13235 ट्रेंच विधि से बसंत कालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ किया गया।

कृषक द्वारा इस खेत की तैयारी एम बी पुलाव हल से की गई एवं अंतिम जुताई पर भूमि शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा का प्रयोग किया गया है एवं दो आंख टुकड़े बीज उपचार करके बुवाई की जा रही है।

जिला गन्ना अधिकारी ने उपस्थित अन्य कृषकों से बुवाई से पहले ट्राइकोडर्मा से भूमि शोधन एवं फफूंदीनाशक से बीज उपचार करने के लिए कहा। साथ ही साथ उन्होंने उपस्थित कृषकों से कहा कि केवल संस्तुत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें। बसंत कालीन गन्ना बुवाई में चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र कुमार मलिक, मुख्य गन्ना प्रबंधक (विकास) सोमवीर सिंह, मुख्य गन्ना प्रबंधक (विपणन) इंद्रवीर सिंह, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक जोगिंदर मलिक, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधक संजीव खोकर, क्षेत्रीय अधिकारी उदयराज सिंह एवं सर्किल सुपरवाइजर ऋषभ कुमार उपस्थित रहे।

## बार-बार फोन कर परेशान करने का आरोप

**कांधला।** क्षेत्र की नई बस्ती स्थित देहात कॉलोनी निवासी एक महिला ने अज्ञात व्यक्ति पर उसके मोबाइल पर बार-बार कॉल कर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शनिवार को थाना क्षेत्र की नई बस्ती स्थित देहात कॉलोनी निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि लगभग दो माह से एक अज्ञात व्यक्ति उसके मोबाइल नंबर पर लगातार फोन कर पीड़िता को परेशान कर रहा है। आरोपी मना करने पर भी बार-बार कॉल करते हुए पीड़िता के साथ गाली-गलौज वह अश्लील बातें करता है। पीड़ित महिला का कहना है कि आरोपी के द्वारा बार-बार फोन करने से पीडित मानसिक रूप से परेशान हो गई है। पीड़ित महिला ने आरोपी का मोबाइल नंबर थाने पर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीत मिलने पर खुशी मनाई



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीत मिलने पर भाजपा उत्साहित है दिल्ली में भाजपा को 27 साल बाद सरकार बनाने का अवसर मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सबका साथ की विचारधारा को बढ़ाते हुए आज भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है तथा उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भी जीत प्राप्त की है। इसी खुशी में भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल के नेतृत्व में शिव मंदिर चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए तथा पटाखे पटकाकर खुशी जताई और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

इस मौके पर डॉ एमपी सिंह निशांत कर्णवाल, जुगनू चौधरी, बॉबी चौधरी, विवेक चौधरी, सरदार हरभजन सिंह, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, चौधरी रिशाल सिंह, इसमपाल सिंह, सुधीर चौहान, प्रेमपाल सिंह रवि, मास्टर हितेंद्र चौहान, मनीष चौहान, राजवीर सिंह सैनी उर्फ राजू, जागेश शर्मा, सुरेंद्र पाल,जीतू भुइयार, प्रमोहन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर पूर्व चेयरमैन ने बाटी मिठाई



**कांधला।** शनिवार को दिल्ली विधानसभा और मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद कांधला में कार्यकताओं ने भव्य जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ता पूर्व अध्यक्ष ने पूर्व यमुना नहर पर ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर उत्सव मनाया। पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी इस्लाम का कहना है कि दिल्ली में यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रवाद की जीत है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों से दिल्ली की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही थी, लेकिन इस बार मतदाताओं ने भाजपा में विश्वास जताते हुए उसे सत्ता सौंपी है। भाजपा के पूर्व पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित इस जश्न में कई कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह जनता की विकास और राष्ट्रहित की नीतियों में विश्वास की जीत है।

# विद्यालय संस्थापक की स्मृति पर बाल कलाकारों ने किया कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया

**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ विद्यालय परिसर में संस्थापक स्वर्गीय अवध बिहारी लाल की स्मृति में बाल कलाकारों द्वारा समारोह आयोजित किया गयो

नगर के संत गोरखनाथ विद्यालय परिसर में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय अवध बिहारी लाल के 79वे प्राकट्य दिवस के शुभ अवसर पर समारोह का आयोजन किया गयो इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल एवं प्रबंधक क्षितिज मित्तल ने संयुक्त रूप से सर्वप्रथम शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलित कर संस्थापक के चरणों में नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कियो नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर जाति धर्म भेद को भूलाकर एक साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लियोविद्यालय की प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के संस्थापक का जन्म 9 फरवरी 1946 उत्तर प्रदेश के सहारनपुर नगर में हुआ था उनकी प्रारंभिक शिक्षा सहारनपुर नगर के विद्यालय एवं उच्च शिक्षा भी सहारनपुर स्थित अग्रसेन कॉलेज से प्राप्त की तत्पश्चात इलाहाबाद बोर्ड में फिजिक्स लेक्चरर के पद पर कांधला नगर के हिंदू इंटर कॉलेज में प्रथम नियुक्ति प्राप्त की शुरूआत के दिनों से ही स्वर्गीय अवध बिहारी लाल जी का शिक्षा के प्रति एक गहरा लगाव रहा है जिसको दृष्टिगत रखते हुए नगर में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए, बच्चों तक सस्ती व उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा बच्चों को प्राप्त हो इस उद्देश्य से निजी चिल्ड्रन एकेडमी शिक्षण संस्था सन 1984 का शुभारंभ श्रीमती ऊषा मित्तल द्वारा किया गया जिसे वर्तमान नाम संत गोरखनाथ चिल्ड्रंस एकेडमी है विगत कई वर्षों तक श्रीमती ऊषा मित्तल जी द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य पद को सुशोभित करती रही मगर विद्यालय के संस्थापक के आकस्मिक निधन के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य पद का दायित्व अपनी पुत्री कुमारी रंजना मित्तल को दिया एवं स्वर्गीय अवध बिहारी लाल मित्तल एवं उनके पूरे परिवार द्वारा एकमात्र जीवन का लक्ष्य एवं उद्देश्य बच्चों तक उच्च शिक्षा गुणवत्ताओं के साथ बच्चों को प्रदान की जा सके जिससे हमारा देश हमारा समाज उन्नति का एक नया मुकाम प्राप्त करें क्योंकि जब कोई भी विद्यार्थी शिक्षित होता है तो वह अकेला अपनी शिक्षा के प्रभाव से अन्य कई लोगों को प्रभावित करता है।







इस दौरान नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा फायरलैस कुकिंग (अग्नि रहित खाना पकाना) की गतिविधि कराई गईं जिसमें नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाकर अपने सहपाठियों एवं अध्यापिकाओं के साथ लुत्फ लियो इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक के बताएं मार्ग पर चलने का हम सब ने प्रण लियो कार्यक्रम में उप प्रबंधक अनुपम मित्तल, श्वेता मित्तल, नित्या मित्तल, अमन मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

# युवा संसद में जनसंख्या नियंत्रण बिल पारित किया

वेलकम इंडिया



**झांसी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 01 झांसी में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 53 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त मंत्रियों का प्रधानमंत्री द्वारा सदन से परिचय कराया गया। प्रश्न काल के दौरान विपक्ष द्वारा महंगाई, छात्रों की चिंता स्तर, देश में लिंगानुपात जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए।

शून्य काल में झांसी में एक और केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग रखी गई। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मुद्दे पर चर्चा देखने को मिली। वहीं अल्पकालिक चर्चा के दौरान महिला सुरक्षा पर बहस हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने जनसंख्या नियंत्रण बिल पेश किया जो गहन चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित हुआ। पीएम श्री योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य 21वीं सदी के क्षमताओं का विकास करना था। संसद सत्र के समापन पर उप प्राचार्य श्री अनिल कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय प्रणाली को समझने में अत्यंत कारगर है। कार्यक्रम प्रभारी श्री अभिषेक कुमार गुप्त एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती मृदु त्रिपाठी ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर श्रीमती रंजना, श्रीमती सुधा, श्री लोकेश, श्री नरेंद्र, श्री अनुज, श्री धर्मेंद्र, श्री कृष्ण, श्री द्वारका, श्री सतेंद्र, श्रीमती मंजू, श्री निरंजन, श्री अरुण एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# एसआर फोटोग्राफी का उद्घाटन करने पहुंचे समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी



वेलकम इंडिया

**झांसी।** जनपद से सेट धार्मिक नगर ओरछा के बनगाय में एसआर फोटोग्राफी डिजिटल प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में झाँसी जनपद के समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी द्वारा फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया गया मुख्य अतिथि के आगमन पर तिलक व माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात दुकान के प्रोपराइटर रवि द्वारा अपनी दुकान के बारे में आगंतुकों को विस्तार से बताया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात डॉ० संदीप ने समस्त जनपदवासियों से अनुरोध किया कि एक बार दुकान पर आकर छोटे भाई रवि का मनोबल बढ़ाने का प्रयास अवश्य करें। इस अवसर पर शिवम, विपिन अहिरवार, जयचंद्र वर्मा, संजय वर्मा, महेंद्र रैकवार, सुशांत गुप्ता, मीना मसीह, वसंत गुप्ता, राजू सेन, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू, राकेश अहिरवार ,मुन्ना मास्टर ,कमल मेहता, नीलू रैकवार, भावना रजक, आदि उपस्थित रहे !

# कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कॅरियर काउंसलिंग केन्द्र द्वारा शिक्षा विभाग सभागार में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 140 छात्र-छात्राओं व शिक्षण मार्गदर्शन केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।शनिवार को शिक्षा विभाग सभागार में आयोजित कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन से प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई शार्टकट मार्ग नहीं होता है। सफलता के लिए मेहनत आवश्यक है,किसी भी विषय में निपुणता आवश्यक है। रटने से कार्य सफल नहीं होता, टाइम मैनेजमेंट के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने ट्रेडिशनल कॅरियर अवसर के अलावा मॉडर्न कॅरियर अवसर पर बल देते हुए इस प्रकार कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के आयोजन को सराहनीय प्रयास बताया।साईकोलॉजिस्ट डॉ. वीणा कृष्णन ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर मानसिक स्वास्थ्य, रूचियों की मैपिंग, तनाव प्रबन्धन, स्व प्रबंधन तथा कॅरियर प्रोग्रेशन पर विभिन्न गतिविधियों एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के माध्यम से विस्तार से व्यावहारिक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रश्नोत्तर सत्र में युवा वर्ग की विभिन्न चुनौतियों से जूझने के लिए स्वयं को मनोवैज्ञानिक स्तर पर तैयार करने पर जोर दिया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चन्द्र गोस्वामी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को कॅरियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# विदाई समारोह एवं आशीर्बाद समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के ठटरा गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में शनिवार को आशीर्वाद एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर सेवापुरी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए उन्होंने कहा कि आप पढ़ेंगे तो अपने विद्यालय परिजन, गांव व देश का नाम रोशन करेगे और समाज का विकास होगा आने वाले कल के आप भविष्य हो। इस मौके पर विशिष्ट अतीत के रूप में पूर्व प्रधान सियाराम केसरी ने कहा कि शिक्षा हर ताले की चाबी है जो जीवन में कभी आपसे अलग नहीं हो सकता और शिक्षा का प्रकाश आप जीवन भर फैलाते रहेंगे देश में चांद तारे की तरह चमकते रहेंगे। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रमेश सिंह, सीनियर इंजीनियर सुमित गुप्ता, प्रभात झा, निशा यादव, अनामिका सहित आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका रहमत तारा एवं संचालन वीणा गौड़ ने किया।

# संदिग्ध परिस्थिति महिला की मौत

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के खालिसपुर गांव स्थित यादव बस्ती में शनिवार सुबह दो बच्चों की मां ने गृहकलह से आजिज आकर विषाक्त पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। रोहनिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिजार्मुराद क्षेत्र के खालिसपुर यादव बस्ती निवासी रंजीत यादव की पत्नी 34 वर्षीय मनीषा देवी उर्फ निशा की शनिवार सुबह विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिजन रोहनिया स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, वहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर मायके पक्ष से भदोही के पिपरी गांव निवासी पहुंचे। मायके पक्ष के शिव प्रसाद यादव समेत अन्य हंगामा करने लगे। मौके पर रोहनिया पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की शादी 14 वर्ष पहले हुई थी। पति राजगीर है। महिला को 10 वर्ष का एक बेटा, 6 वर्ष की एक बेटी है।इस बाबत थाना प्रभारी मिजार्मुराद सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ऐसी कोई सूचना पुलिस को नही मिली है।रोहनिया क्षेत्र में एक अस्पताल में महिला के मौत की सूचना थी रोहनिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा रही है अगर मायके वालो द्वारा कोई भी तहरीर दिया जाता है तो जांच के बाद करवाई किया जाएगा।

# उन्होंने कहा कि भाजपा व आरएसएस उनके परिवार के रग रग में बसी है



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार।** प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा नेत्री मालती अरोड़ा जिनकी रग रग में आरएसएस व बीजेपी बसी हुई है ।उन्होंने शुक्रवार को मेयर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के कार्यालय में अपने वकील साथियों के साथ आवेदन किया।

उन्होंने कहा कि वह अंतिम सांस तक अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए संघर्ष करेंगी ।अगर पार्टी उन पर विश्वास करती है तो वह इस कार्य में तन मन धन से लोगों की सेवा करेंगे।

उन्होंने आवेदन करने से पूर्व कहा कि आरएसएस व भाजपा उनके परिवार के रग रग में बसी है। सबका साथ सबका विकास की पद्धति को लेकर वो अंतिम व्यक्ति तक को साथ लेकर उनकी सेवा करेंगे।

उन्होंने कहा कि अगर पार्टी उन पर विश्वास करती है या किसी दूसरे को टिकट देती है तो वह दोनों स्थितियों में मदद के लिए तैयार हैं। विभिन्न वकीलों ने उनके सहयोग में आने का आह्वान किया वह उनका समर्थन करने के लिए अन्य वकील साथियों से भी सहयोग की अपील की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जीत का जश्न मनाया



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न मेरठ के कस्बा शाहजहांपुर में भी देखने को मिला.किठौर मण्डल अध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ शाहजहांपुर स्थित भाजपा नेता तारिक खान के एफ भी बैंकट हाल पर दिल्ली की जीत का जश्न मिठाइयाँ बाटकर मनाया .साथ ही कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष अनुज नागर ने कहा कि दिल्ली के परिणाम मोदी जी के सबका साथ सबका वाली नीति का नतीजा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को दिल्ली में ऐतिहासिक जीत मिली है. 26 साल बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भगवा लहराया है। आने वाले पांच सालों में दिल्ली को वो विकास मिलेगा जिसका वहां की जनता को लंबे समय से इंतजार था ।निश्चित रूप से यह विजय देश की है।

इस मौके पर किठौर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर लंबा जाम, राहगीर परेशानी



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते हाईवे पर जाम की स्थिति बनी हुई है। शनिवार को भी मिजार्मुराद क्षेत्र के रखौना गांव स्थित रिंग रोड ओवर ब्रिज के पास प्रयागराज से वाराणसी जाने वाले नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा। इससे दर्शनार्थियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस प्रशासन और यातायात पुलिस को जाम छुड़ाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वाहनों को किसी तरह सर्विस रोड से जाम से निकाला गया। जाम में फंसे यात्रियों को पानी और चाय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ी। खासकर काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु और महाकुंभ से लौट रहे स्नानार्थी जाम की वजह से सबसे अधिक प्रभावित हुए। प्रशासन ने यातायात को सुचारू बनाने के लिए पहले से ही इंतजाम किए थे, लेकिन भारी भीड़ और वाहनों की अधिक संख्या के कारण समस्या बनी रही। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि हाईवे पर बढ़ते यातायात को देखते हुए अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं और यात्रियों को राहत मिल सके।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने इंटरमीडिएट के छात्रों को विदाई देते हुए की उज्जवल भविष्य की कामना

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में इंटरमीडिएट के छात्रों की विदाई को लेकर 8 फरवरी 2025 को,जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ ने छात्रों को बड़े उत्साह और जोश के साथ विदाई दी ।जिसमें सभी छात्रो ने अपने शिक्षकों के साथ हवन पूजा में अपने आगामी बोर्ड परीक्षा में बहतरीन प्रदर्शन की कामना की उसके बाद प्रेरक भाषण, स्मृतियों, प्यार, शुभकामनाओं, आशीर्वाद और बहुत कुछ शामिल रहा। इस कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा गुब्बारे हवा में छोड़ने से हुई, जो उनकी सफलता की उड़ान का प्रतीक था। इसके बाद वर्तमान ग्रेड क के कुशल नर्तकियों द्वारा आकर्षक गीतों और नृत्य की झलक प्रस्तुत की गई। जिसने समारोह में बहुत उत्साह और आनंद जोड़ा।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों को उनके निरंतर प्रदर्शन के आधार पर उपाधियों से सम्मानित करना था ।उन्हें स्मृति के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान हमारी प्रिंसिपल डॉ निधि मलिक ने एक प्रेरक भाषण दिया।

जिसमें उन्होंने छात्रों को आगे के रास्ते पर मार्गदर्शन किया। और स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आयुष सिंहल ने सभी छात्रो को भविष्य में बेहतरीन प्रदर्शन एवं स्कूल के द्वारा उन सभी पर गर्व करने का आशीर्वाद दिया ।जैसे ही यह कार्यक्रम समाप्त होने के करीब आया।

पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों के लिए अपने बैज सौंपने और अगले बैच के लिए पद छोड़ने का समय था। सबसे आश्चर्यजनक तत्व पासिंग आउट कक ग्रेडर्स द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रदर्शन था। जिसे उन्होंने अपने मार्गदर्शकों और स्कूल के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। अंत में, मिस्टर फेयरवेल अलेक्स एवं मिस फेयरवेल जिया चौधरी रहे ।

विदाई पार्टी एक भव्य भोज के साथ समाप्त हुई ।जिसे सभी ने आनंद लिया। विद्यालय ने अंत में सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए केक काटा।

# थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की समस्याएं



**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना । फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया ।

थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए । थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके ।

# ई-रिक्शा चालक ने रोडवेज बस पर फेंकी ईंट, अटल सेतु पर होता रहा हंगामा

**बरेली।** अटल सेतु पर शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक ई-रिक्शा चालक ने रोडवेज बस को टक्कर मारने के बाद गुस्से में बस पर ईंट फेंककर शीशा तोड़ दिया। इसके बाद वह बस के सामने आकर खड़ा हो गया, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक चौपुला अटल सेतु से गुजर रही एक रोडवेज बस को एक ई-रिक्शा चालक ने अचानक टक्कर मार दी। इस पर बस चालक और ई-रिक्शा चालक के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और गुस्से में ई-रिक्शा चालक ने सड़क से ईंट उठाकर बस के शीशे पर दे मारी, जिससे शीशा चकनाचूर हो गया। यही नहीं, वह बस के आगे आकर खड़ा हो गया, जिससे वहां भारी जाम लग गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया और यातायात सुचारु करवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि आरोपी को थाने ले जाया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक आयोजित की गई



**चांदपुर।** विश्व हिंदू महासंघ चांदपुर इकाई की एक बैठक तहसील उपाध्यक्ष पारस राठी के प्रतिष्ठान पर हुई जिसमें दिल्ली में हुई भाजपा की जीत के लिए प्रसन्नता जाहिर की तथा मिठाई वितरण की। बैठक की अध्यक्षता पियूष अरोड़ा तथा संचालन कुलदीप शर्मा तहसील महामंत्री के द्वारा किया गया। पीयूष अरोड़ा मंडल मुरादाबाद सह प्रभारी ने कहा कि यह जीत मोदी जी की जीत है लोगों ने मोदी जी के विश्वास पर मोहर लगाई। बैठक में तहसील उपाध्यक्ष पारस राठी, तहसील महामंत्री कुलदीप शर्मा, नगर मंत्री संदीप सैनी, दीपक प्रजापति, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# साल में केवल 1 बार लगातार 5 साल तक फाइलेरिया रोधी दवाएं खाने से इस रोग से हमेशा के लिए सुरक्षित: महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में मीडिया की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश एवं ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए मीडिया सहयोगियों के साथ आज लखनऊ में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश, डॉ. आर.पी. सिंह सुमन ने बताया कि आगामी 10 फरवरी से प्रदेश के 14 जनपदों के 45 चिन्हित ब्लॉकों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन एमडीए कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है जिनमें से 8 जनपदों बलिया ब्लॉक-नगरा और पंदह, हमीरपुर ब्लॉक-हमीरपुर और मौदहा, जालौन ब्लॉक-डकोर, जौनपुर ब्लॉक-बदलापुर, पीलीभीत ब्लॉक-बिलसंडा और पूरनपुर, शाहजहांपुर ब्लॉक-भावलखेडा, जलालाबाद, तिलहर, मिजार्पुर और शाहजहाँपुर शहर, सोनभद्र ब्लॉक-चतरा, दुद्धी, ककराही और घोरावल और चित्रकूट ब्लॉक-सीएचसी मऊ और रामनगर में 19 ब्लाक में दो दवा यानी डीईसी और अल्बेंडाजोल के साथ तथा 6 जनपदों लखनऊ ब्लॉक-गोसाईगंज, उन्नाव ब्लॉक-औरास, अचलगंज, बाँगरमऊ, बिछिया, फतेहपुर चैरासी और हसनगंज, अमेठी ब्लॉक-जामो और मुसाफिरखाना, बरेली ब्लॉक-भमोरा, फरीदपुर और क्यारा, प्रयागराज ब्लॉक-हंडिया, कौड़ीहार, कोरॉव, प्रतापपुर और सैदाबाद और बाराबंकी ब्लॉक-दरियाबाद, देवा, फतेहपुर, जाटाबरौली, बनीकोडर, रामनगर, हरख, सिद्धौर और बाराबंकी शहरी के 26 ब्लाक में तीन दवा यानी डीईसी, अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन के साथ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगाक

समुदाय को फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से सुरक्षित रखने के लिए शुरू किये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के दौरान यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सभी पात्र लाभार्थी, फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन स्वास्थ्य कार्यकताओं के सामने ही करें। किसी भी दशा में दवाओं का वितरण नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि समुदाय के सभी लोग 5 साल तक लगातार साल में केवल 1 बार फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करे तो फाइलेरिया रोग से हमेशा के लिए सुरक्षित रहा जा सकता है ।

मीडिया से संवाद के दौरान डॉ. सुमन ने कहा कि जन-मानस तक किसी भी सन्देश को प्रभावशाली ढंग से पहुंचाने में मीडिया सहयोगी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने उपस्थित मीडिया सहयोगियों से अनुरोध किया कि वे लोगों तक फाइलेरिया रोधी दवाओं के महत्व को इस तरह से प्रेषित करें कि लोग इससे प्रेरित होकर दवाईयों का सेवन स्वयं करें, अपने परिवारजनों को करवाएं और आस-पास के लोगों को भी इन दवाओं का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही सुनिश्चित करवाएं। ये दवाएं खाली पेट नहीं खानी हैं ।

अपर निदेशक मलेरिया एवं वी.बी.डी. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश, डॉ.ए.के. चौधरी ने बताया कि एमडीए के दौरान 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं खिलाई जाएगी और अल्बेंडाजोल गोली को चबा के खानी हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए कार्यक्रम में कुल 8816 टीमें बनाई गयी हैं जिनके माध्यम से लगभग 1 करोड़ 10 लाख पात्र लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही खिलवायी जायेंगी।

# जिलाधिकारी ने किया आदर्श प्राथमिक विद्यालय व राउमावि बहुली के साथ ही राजीव नवोदय विद्यालय बहुली का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,गोविन्द मेहता,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय व राजकीय उच्चर माध्यमिक विद्यालय बहुली के साथ ही राजीव नवोदय विद्यालय बहुली का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजीव नवोदय विद्यालय बहुली के निरीक्षण के दौरान मिली कई खामियों पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य को विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की सख्त हिदायत दी। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम राआप्रावि बहुली का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कक्षा में जाकर बच्चों के साथ संवाद करते हुए शिक्षण गतिविधियों के साथ ही मिड डे मील व अन्य आवश्यक जानकारियां ली। विभिन्न कक्षाओं में जाकर जिलाधिकारी ने पठन-पाठन की जानकारियां लेते हुए उपस्थिति पंजिका के साथ ही अन्य रजिस्टरों को चैक किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को शिक्षा के स्तर पर सुधार लाने के निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। बच्चों को मिलने वाले मिड-डे मील की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता व साफ-सफाई का उचित ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है,उनको पूर्ण मनोयोग के साथ पढ़ाया जाय। राउमावि बहुली के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया। बच्चों के द्वारा पूछे गए जिज्ञासा भरे सवालों का जवाब दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से शिक्षण कार्य के साथ ही अन्य जानकारियां ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय के कक्षों एवं परिसर में साफ-सफाई के साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दी जाय। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 38 बच्चों के सापेक्ष 33 बच्चे उपस्थित मिले। उसके उपरांत जिलाधिकारी राजीव नवोदय विद्यालय बहुली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां बच्चों से संवाद करते हुए आवास,भोजन,सुरक्षा, पेयजल आदि सुविधाओं के बारे में जानकारियां ली। जिलाधिकारी ने बच्चों के मैस को भी देखा जहां साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन न होने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को सफाई व स्वच्छता का उचित व्यवस्था बनाएं रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने बदामदे में रखे घरेलू गैस सिलेडरों पर अन्य सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाए शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त होनी चाहिए साथ ही पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा नी चाहिए। जिलाधिकारी ने मैस कार्मिकों के ड्रेस कोड व आइकार्ड नही मिलने पर गहरी नाजारगी व्यक्त करते हुए बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से ड्रेस कोड व आइकार्ड को तत्काल सत्यापित कर जारी करने के कड़े निर्देश प्रधानाचार्य को दिए। निरीक्षण के दौरान मैस के बाहर बिजली के तार और स्विच खुले मिलने पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। स्टोर रूम में प्रकाश की व्यवस्था व अन्य सामग्री व्यवस्थित न होने पर तत्काल सभी कमियों को दूर करने के सख्त निर्देश प्रधानाचार्य को दिए। डीएम ने बालिका हॉस्टल में निर्धारित एसओपी के तहत सुरक्षा व्यस्था रखने के साथ ही प्रवेश द्वार पर चैनल गेट लागने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तैनात शिक्षकों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बालिकाओं की पढ़ाई के साथ साथ उन्हें खेल गतिविधियों से भी जोड़ने के निर्देश दिए।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में 100 क्षय रोगियों लिया गोद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संजय नगर स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार को रेडक्रास सोसाइटी के सभापति सुभाष गुप्ता ने अपने जन्म दिवस एवं संरक्षक सदस्य वैभव त्यागी द्वारा अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर 100 क्षय रोगियों को भावनात्मक एवं सामाजिक सहयोग के लिए पोषण पोटली प्रदान कर अग्रिम 6 माह तक के लिए गोद लिय। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एके यादव ने सुभाष गुप्ता और वैभव त्यागी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के सपने को साकार करने के लिए सभी जनमानस का सहयोग बहुत आवश्यक है।

जिस प्रकार पूर्व में सभी सामाजिक संगठनों, विभागों और जनसहयोग से चेचक, पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से देश को मुक्त किया। उसी प्रकार ही वर्तमान में भी रेडक्रॉस, रोटरी आदि समस्त सामाजिक संगठनों के जन सहयोग से टीबी मुक्त भारत का निर्माण भी कर लेंगे। जिसमें आप सभी मरीजों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने सभी परिजनों की टीबी की स्क्रीनिंग कराकर उनको टीपीटी (टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी, ) अवश्य दिलाए। जो कि सप्ताह में सिर्फ एक बार ही लेनी है तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त में उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अखिलेश मोहन ने सुभाष गुप्ता और वैभव त्यागी को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि जनपद के समस्त सामाजिक संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे सभी भी अपने जीवन के यादगार दिनो जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर क्षय (टीबी) रोगियों को भावनात्मक एवम् सामाजिक सहयोग के लिए गोद लेने के लिए आगे आकर टीबी मुक्त भारत के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति सुभाष गुप्ता ने सभी मरीजों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ अग्रिम 6 माह तक निरंतर पोषण पोटली देने का आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोग बगैर चिकित्सक की सलाह के टीबी की दवा बंद नहीं करना तथा अपने सभी परिवार जनों तथा आस पास रहने वाले लोगों की टी बीकी स्क्रीनिंग, एक्सरे की जांच जरुर कराए।

## दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना मेंहदावल उ0नि0 उदय शंकर द्विवेदी, का0 कृष्ण गोपाल ने वारण्टी मनोज निषाद पुत्र दुबे निवासी नरिया बढ़या थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## पीआरवी 5264 द्वारा मारपीट में घायल 01 महिला को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 5264 थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत दुभरा से कालर द्वारा मारपीट में घायल 01 महिला अनामिका पुत्री शैलेन्द्र ग्राम दुभरा थाना को0 खलीलाबाद के सम्बन्ध में सूचना दिया । सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर मारपीट में घायल महिला को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना को0 खलीलाबाद को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मी आ0 प्रदीप यादव, हो0चा0 अशोक कुमार की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल को ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया । जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी ।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 60 वाहनों से 49,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 60 वाहनों से 49,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

## आरबीआई द्वारा रेपो रेट घटाने से घर खरीदना होगा आसान और इकोनॉमी को होगा फायदा

**गाजियाबाद।** व्यापारी एकता समिति संस्थान ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने इसे व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए उधारी लागत को कम करने वाला, विकासोन्मुखी कदम बताया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए महंगाई दर 4.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 के लिए 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे आर्थिक विकास और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन सुनिश्चित होगा। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के मुताबिक होम और बिजनेस लोन की ईएमआई कम होने से लोगों को वित्तीय राहत मिलेगी, उनकी खर्च योग्य आय (डिस्पोजेबल इनकम) बढ़ेगी और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप, बाजार में पूंजी प्रवाह (लिक्विडिटी) बढ़ेगा, जिससे व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मतलब साफ है कि इसका फायदा रियल एस्टेट सेक्टर को भी मिलेगा। एक ओर जिन ग्राहकों का ईएमआई चल रहा है उन्हें भी लाभ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर होम लोन पर ब्याज दर कम होने से नए ग्राहक भी आकर्षित होंगे। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि आगामी बजट में आयकर छूट की सीमा 12 लाख तक बढ़ाई जाने की घोषणा से आम जनता की बचत में वृद्धि होगी। यह अतिरिक्त बचत उपभोक्ता खर्च, बाजार में मांग और तरलता को बढ़ाएगी, जिससे आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी और बाजार में उछाल आने की संभावना बनेगी। रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत करना अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम है, खासकर रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए। पॉलिसी रेट में इस बदलाव से उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद है, जिससे डेवलपर्स और घर खरीदने वाले दोनों को लाभ होगा। डेवलपर्स को कम उधार दरों के माध्यम से वित्तीय राहत मिलेगी, जिससे परियोजना निष्पादन में आसानी होगी और निर्माण लागत को प्रबंधनीय बनाए रखा जा सकेगा। घर खरीदने वालों के लिए, रेपो दर में यह कमी घर के लोन की ईएमआई में कमी लाएगी, जिससे घर खरीदना आसान हो जाएगा।

## नगर पालिका कर्मचारी ने लगाया मारपीट का आरोप

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में कूड़ा डालने को लेकर नगर पालिका कर्मचारी ने गाली-गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इंद्रापुरी निवासी कर्मचारी रवि कुमार ने आकाश पुत्र रविंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवि के मुताबिक शुक्रवार सुबह 11 बजे वह आदर्श पब्लिक स्कूल के पास घरों से कूड़ा इका कर रहा था। आकाश कूड़ा डालने के लिए आया। इसी दौरान कहासुनी हो गई, जिसके बाद उसने गाली दी और डंडे से उन्हें पीटा। पीड़ित के मुताबिक उनके हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कर थाना लोनी बॉर्डर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध हालत में किशोरी लापता

**गाजियाबाद।** विजय नगर क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। किशोरी के पिता की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस के अनुसार, किशोरी के पिता ने शिकायत दी है कि उनकी नाबालिग बेटी दो फरवरी को किसी काम से घर से गई थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। किशोरी को रिश्तेदारियों और आसपास में तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाकर बेटी की तलाश करने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए मामले की जांच में जुटी है।

## राज्यमंत्री का रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष ने गर्मजोशी से किया स्वागत

**झाँसी।** यूपी.सी.एल.डी.एफ के सभापति व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह का नगर आगमन पर ने राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष राज जाट ने गर्मजोशी से स्वागत किया. इसके उपरांत ओरछा में राम राजा सरकार एवं दतिया पहुंचकर मां पीतांबरा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके बाद झांसी सर्किट हाउस पहुंचकर सभी कार्यकताओं के साथ अहम बैठक की जिसमें कई मुद्दों पर सभी के साथ वार्ता हुई. इस मौके मेहताब, वीरेंद्र सिंह, अमित भैया पाल कॉलोनी, विवेक कुमार दोहरे , नरेंद्र साहू, राजेश सिंह, विपिन कुमार, विजय पांडेय, अजय ठाकुर, बबलू रक्सा, उपस्थित रहे।

## बैठक में पीडीए को मजबूत करने पर दिया गया जोर




वेलकम इंडिया

**हाथरस।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाह्न पर पीडीए जनपंचायत पूरे उत्तर प्रदेश में पीडीए बैठकें हो रही है। उसी के तहत हाथरस विधानसभा 78 हाथरस में सठिया सेक्टर के गांव रहना में पीडीए की बैठक में समाज वादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं हाथरस विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रहे बृजमोहन राही एडवोकेट ने की। साथ में समाज वादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिकरवार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नगरपालिका के पूर्व प्रत्याशी लल्लन बाबू एंड ने बैठक को सम्बोधित किया राही ने बैठक में आव्हान किया है कि पीडीए के लोगो को एक जुट होकर भारतीय जनता पार्टी से हर बूथ पर मजबूती से मुकाबला करना होगा एवं वोट बढ़ाने का आव्हान किया। बैठक में महेश चन्द्र शर्मा, भिक्की खां, धर्मवीर मुनीम,राहुल दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह, जितेन्द्र राकेश कुमार, राधेश्याम, अशोक कुमार, बाबुददीन खां वीर सिंह,महीपाल, शिवकुमार शर्मा, दुष्यन्त कुमार, साहाव खां जितेन्द्र विजय सिंह भगवती आदि लोंग मौजूद रहे।

## सिम्भावली क्षेत्र में बेखौफ चोरों के हौसले बुलंद मुर्गी फार्म को बनाया निशाना इन्वर्टर बैटरी चोरी कर घटना को दिया अंजाम



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ गढमुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी से थोड़ी दूरी पर स्थित मुर्गी फार्म पर बैखोफ चोरों के द्वारा इनवर्टर बैटरी चोरी की घटना को दिया अंजाम।आपको बता दें कि सिम्भावली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आबादी से थोड़ा दूरी पर स्थित परिवार को चलाने के मकसद से युवक ने एक मुर्गी फार्म खोला हुआ है।जहां पर देर रात को बैखौफ चोरों ने धावा बोलकर लाइट की सुविधा के लिए लगाए गए इन्वर्टर बैटरी और कुछ मुर्गी के बच्चे चोरी कर ले गए। जिसको लेकर पीड़ित शकील ने थाने में तहरीर देकर कानूनी करने की गुहार लगाई है। वही इस मामले में थाना प्रभारी श्योपाल सिंह का कहना है की इस सम्बंध में जानकारी नही मिली है। हालांकि जानकारी कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## दिल्ली और मिल्कीपुर विधानसभा में शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति सदस्य व पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकताओं ने दिल्ली विधानसभा में शानदार जीत और मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में मिली जीत पर एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर अशोक कुमार चौरसिया, रामचरन, एजाज अहमद, राममिलन कनौजिया, रामकुमार, अर्जुन प्रसाद, मोहम्मद इमरान, मारूफ, पिंटू, सुरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, बबलू चौरसिया, शमशाद आदि मौजूद रहे।

## बारादरी थाने के सेटेलाइट इलाके में लावारिस अवस्था में मिला एक मासूम

वेलकम इंडिया



**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के सेटेलाइट इलाके में एक मासूम बच्चा लावारिस अवस्था में घूमता हुआ मिला है। स्थानीय लोगों ने जब उससे घर का पता पूछा, तो वह कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पाया। पूछताछ में वह कभी अपना नाम सलमान खान तो कभी शाहरुख खान बताने लगा, लेकिन माता-पिता का नाम और घर का पता बताने में असमर्थ रहा। माना जा रहा है कि बच्चा करीब तीन से साढ़े तीन साल का होगा। जब वह काफी देर तक इलाके में अकेला घूमता दिखा, तो स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने संरक्षण में ले लिया। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित थाने में रखा हुआ है और उसके माता-पिता या परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी को इस बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तुरंत थाना बारादरी से संपर्क करें।

# सुंदरदीप फामेर्सी में पशु अधिकार और आधुनिक चिकित्सा अनुसंधान पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदर दीप फामेर्सी कॉलेज द्वारा पशु अधिकार और आधुनिक चिकित्सा अनुसंधान पर शनिवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सुंदर दीप फामेर्सी कॉलेज, गाजियाबाद ने पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पीईटीए), नई दिल्ली के सहयोग से नॉन-एनिमल मेथड्स फॉर ड्रग डेवलपमेंट एंड सेफ्टी टेस्टिंग इन इंडिया, न्यू पाथ फॉर न्यू ड्रग्स विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर सुंदर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन और एसडीजी आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने छात्र एवं छात्राओ को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर (डॉ.) प्रसनजीत कुमार (वाइस चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान में सटीकता और गुणवत्ता के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकें जैसे आणविक डॉकिंग और पुनर्योगज डीएनए तकनीक न केवल अनुसंधान को उन्नत बनाती हैं, बल्कि नैतिकता के साथ दवा निर्माण को और अधिक प्रभावशाली बनाती हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रोहित बिष्ट (साइंटिस्ट, रेगुलेटरी टेस्टिंग, पीईटीए इंडिया, नई दिल्ली) ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करते हुए बताया कि पीईटीए इंडिया भारत में पशु अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक अग्रणी संगठन है।



# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्तर के शैक्षिक तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** भारत ए आई लैब्स के तत्वाधान में दो दिवसीय इंटर स्कूल नेशनल रोबोटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में एनसीआर के विभिन्न स्कूलों सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ( निवाड़ी), भारत ए आई लैबस, महिमा पब्लिक स्कूल( मोहन नगर) , जी एस मॉडर्न स्कूल (गाजियाबाद), दयावती मोदी पब्लिक स्कूल (मोदीनगर), द मंथन स्कूल (नोएडा) एवं अन्य स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों की टीमों ने प्रतिभागी के रूप में विभिन्न वर्ग की विभिन्न श्रेणी में भाग लिया। जिसमें रोबो मिशन, रोबो गेम्स, रोबोटिक गेम्स, रोबोटिक प्रोग्रामिंग द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही इसमें इनोवेशन जंक्शन इवेंट वर्ग के अंतर्गत आधुनिक तकनीकी एवं विभिन्न वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों ने अपने इन्नोवेटिव विचार के आधार पर प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन भी किया । इनोवेशन जंक्शन के रोबो सॉकर मेंप्रथम स्थान सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय स्थान दयावती मोदी पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान भारत ए लैबस (सुरेविन),रोबो मिशन जूनियर हाई में प्रथम स्थान सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय स्थान महिमा पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान सुरेविन ऑटो बूट्स, ।रोबो मिशन में एलिमेंट्री हाई में प्रथम स्थान सुरेविन रोबो नोट्स, द्वितीय स्थान भारत ए आई लैब्स( सुरेविन), रोबो फंक्शन में प्रथम स्थान जी एस मॉडर्न स्कूल, द्वितीय स्थान सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, तृतीय स्थान भारत ए आई लैब्स( सुरेविन) । रोबो टी टी में प्रथम स्थान भारत ए आई लैब्स( सुरेविन) ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद डॉक्टर विनीश कथुरिया( सेंसए आई वेंचर्स के मैनेजिंग पार्टनर, ग्लोबल बिजनेस लीडर ,एकेडमिक विजिटिंग फैकल्टी आईआईटीडी एआई ), विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुमन सिंह( प्रधानाचार्य रेडिकोंन स्कूल गाजियाबाद),डॉ शालिनी नायर ( महिला पंजाबी संगठन अध्यक्ष लायंस क्लब मोदीनगर) ,श्रीमती सुनीता धवन( प्रधानाचार्य संस्कार वर्ल्ड स्कूल) आदि मौजूद रहे।

## पोक्सो एक्ट व महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**गाजियाबाद।** बच्चे या बच्ची के साथ यदि कोई बुरा स्पर्श या बुरा व्यवहार करता है तो वे घबराए नहीं, बल्कि अपने माता-पिता या अध्यापक को इसकी जानकारी अवश्य दें ताकि उस व्यक्ति को पोक्सो एक्ट के तहत सजा दी जा सके। राजेंद्र नगर स्थित आईएमई कॉलेज में समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड की ओर से चुप्पी तोड़-हल्ला बोल प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।इस दौरान पोक्सो एक्ट 2012 के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया।इंस्पेक्टर रविराज सिंह, ग्लोबल ग्रांट पार्टनर्स, रोटरी क्लब के मेंटर किशन गोयंका ने यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। समाधान अभियान की संस्थापक निदेशक अर्चना अग्निहोत्री ने कहा कि समय बदल गया है, टेक्नोलॉजी बहुत जरूरी है, लेकिन सतर्क रहना भी आवश्यक है।महिलाओं पर हो रहे अपराधों को लेकर छात्राओं को जागरूक किया।

# मूर्ति स्थापना के पांचवें दिन भगवान की मूर्तियों को फूलादिवास मे सेन कराया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** परशुराम धाम, पुरा महादेव,बागपत मे मूर्ति स्थापना के पांचवें दिन राम परिवार , सूर्य भगवान ,दुर्गा माता, राधा कृष्ण, की मूर्तियों को फलादिवासऔर फूलादिवास मैं सेंन कराया।इस अवसर पर देव मुनि महाराज एवं सूरज मुनि महाराज के अतिरिक्त अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव सुरेश कौशिक, प्रदेश संरक्षक राजपाल शर्मा ,देवभूमि हॉस्पिटल के मलिक डॉक्टर एस पी यादव मनोज शर्मा एवं अनेक यजमान परिवार सम्मिलित हुए ।महामंत्री शिवमोहन भारद्वाज ने जानकारी दी कि कल 9 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी ।सभी से निवेदन है की परिवार सहित अपने वाहनों से पुरा महादेव धाम पर पहुंचने का कष्ट करें और पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त करें। भगवान परशुराम आपके परिवार में धन-धन की वृद्धि करेंगे ।ऐसा हमारा विश्वास है।

## बालबाडी पब्लिक स्कूल मे फेयरवेल पार्टी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** बाल बाडी पब्लिक स्कूल कादराबाद मे फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ निर्देशक विनय रूहेला, प्रधानाचार्या श्रीमती डा० नीरू जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर हवन करके किया। जिसमें सभी विद्यार्थी व शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण किया गया। विभिन्न छात्र-छात्राओ ने नृत्य एवं रैप वाक आदि के इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए । विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। सभी छात्र एवं छात्राओं ने प्रतियोगिताओं मे हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया । स्कूल के चेयरमैन संजय जैन निर्देशक विनय रोहिला प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू जोशी व सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मिल्कीपुर की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यालय में मना जश्न

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की प्रंचड जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने कार्यालय पर जमकर जश्न मनाया। दिन में 11 बजे से ही भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में ढोल-नगाड़े बजने लगे। अबीर गुलाल उड़ाते हुए कार्यकर्ता जमकर थिरके।एक दूसरे को बधाईयों का सिलसिला चलने लगा।

पूरा माहौल उत्साह व जोश से भरा नजर आया। पार्टी के कार्यकताओं ने पटाखें जलाकर जीत की खुशी साझा की।मिल्कीपुर विधान सभा की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पार्टी कार्यालय पर मतगणना का लाइव प्रसारण किया जा रहा था। पूरा पार्टी कार्यालय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं से खचाखच भरा था। प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के कार्यालय पहुंचने पर शिक्षक नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, कर्मवीर सिंह, बब्लू मिश्र, आशीष श्रीवास्तव ने 51 किलो की माला पहना कर स्वागत किया। पार्टी कार्यालय पर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्दर यादव, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि यह परिवारवाद पर विकास वाद की जीत है। मिल्कीपुर की जनता ने मोदी और योगी सरकार की नीतियां पर मुहर लगा दी है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा जिस तरह का नकारात्मक तथा समाज को बांटने वाली बातें विपक्षी कर रहे थे। उसका जवाब मिल्कीपुर की जनता ने दिया है। यह प्रचंड जीत सभी कार्यकताओं को सर्मपित है। नवनिर्वाचित विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरूंगा।जीत के लिए सभी कार्यकर्ता व जनता को आभार।विधायक रामचन्दर यादव ने कहा प्रचंड विजय विकास के प्रति जनता का सर्मथन है।कार्यकताओं के परिश्रम की विजय हुई है। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव परिणाम ने यह साबित किया है अयोध्या राम भक्तों की है।यहां के लोग हमेशा राम के थे राम के हैं तथा राम के ही रहेंगे। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि सरकारी योजनाओं तथा उसके सफल क्रियान्वयन जनता में भाजपा के प्रति उत्साह का माहौल था। जिससे यह प्रचंड जीत दर्ज हुई है।

# स्कूल के लिए इनवर्टर एवं बैटरी की व्यवस्था की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति रजि.ने गदाना के किरणमाला सुरेशचंद जैन सरस्वती विद्या मन्दिर हायर सैकेण्ड्री स्कूल मे एक इन्वर्टर तथा एक बैट्री की व्यवस्था करी। प्रधानाचार्य पवन शर्मा ने बताया कि विद्यालय मे जब सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है तब अचानक से बिजली के चले जाने से व्यवधान हो जाता था। श्री वैश्य कुटुम्ब के पदाधिकारियों के समक्ष बात रखी गयी। उन्होने सहर्ष स्वीकार कर विद्यालय को यह भेट दिया। इस इन्वर्टर बैटरी की प्रायोजक प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना तायल रही।

## भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को विजय रथ में बैठाने में कामयाब रहे विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन



विनय कुमार सिंह "टुनटुन" ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मिल्कीपुर



योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को विजय रथ में बैठाने में कामयाब रहे विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन, मिल्कीपुर विधानसभा के जमुनिया मऊ निवासी हैं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन, मिल्कीपुर ब्लाक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैं विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन, मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में 2 फरवरी को आयोजित सीएम योगी की विशाल जनसभा के आयोजक थे विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन, आयोजित जनसभा में लाखों की भीड़ इकट्ठा कर सीएम योगी को प्रसन्न करने में कामयाब हो गए थे विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन। विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन का बयान मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव जीत चुके भाई चंद्रभानु पासवान को हृदय से बधाई शुभकामनाएं, आप मिल्कीपुर का विकास करें यही हम लोगों की चाहत, मिल्कीपुर विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकताओं सहित समस्त देव तुल्य मतदाताओं का हृदय से बंदन अभिनंदन, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान जी को विजय श्री दिलाने में आप सभी का अतुलनीय योगदान रहा हम आपके जीवन भर आभारी रहेंगे- विनय कुमार सिंह उर्फ टुनटुन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मिल्कीपुर।

## युवक से मीट शॉप संचालक ने की मारपीट

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में युवक से मीट शॉप संचालक ने मारपीट की। अर्थला निवासी मोहम्मद सलीम के अनुसार 12 जनवरी 2025 को वह अपने भाई हसीन के साथ घर की तरफ पैदल जा रहे थे। रास्ते में मीट शॉप के मालिक नानू ने उन्हें रोका और 11 जनवरी को उससे कटा हुआ मीट न खरीदने पर झगड़ा शुरू कर दिया।विरोध किया नानू ने भतीजे शाहरुख और शाहिद के साथ मिलकर उनसे मारपीट की। आरोप है कि लगातार शिकायत करने के बाद भी पुलिस टरकाती रही।

# अयोध्या हार का बदला, बीजेपी ने सपा से मिल्कीपुर छीना ,सपा प्रत्याशी अपने बूथ पर हारे



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** अयोध्या हार का बदला भाजपा ने मिल्कीपुर जीत कर ले लिया। 8 साल बाद सपा से मिल्कीपुर विधानसभा छीन लिया। भाजपा ने मिल्कीपुर में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी चंदभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को लगभग 65हजार वोट से हराया।यह इस सीट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, 2012 में 39,237 वोट से अवधेश प्रसाद जीते थे। उपचुनाव में चंद्रभानु पासवान को 1,46,141 जबकि अजीत प्रसाद को 84,601 वोट मिले सपा प्रत्याशी और अयोध्या सांसद के बेटे अजीत प्रसाद अपने ही बूथ से हार गए। लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा को सपा से 7 हजार वोट कम मिले थे।8 महीने में ही भाजपा ने बाजी पलट दी।तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सूरज चौधरी रहे हैं। उन्हें 5457 वोट मिले हैं। मिल्कीपुर में भाजपा पहले राउंड से ही बढ़त बनाए हुए थी।वह आखिर तक जारी रही।एक भी बार सपा आगे नहीं निकल पाई।

## आईजीआरएस पर पशु विभाग से संबंधित सबसे अधिक शिकायत

**गाजियाबाद।** जिले में आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर लगातार शिकायतें आ रही हैं। इसमें जनवरी में पशु विभाग से संबंधित लगभग 52 शिकायतें की गईं। इनमें सबसे अधिक 12 शिकायतें लावारिस कुत्तों को पकड़? के लिए की गईं, जबकि वर्ष 2024 में आठ शिकायतें आई थीं। पोर्टल पर अब तक 202 शिकायतें आ चुकी हैं, जिसमें पशु विभाग को जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई शिकायतों की संख्या 60 है।

# राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकताओं की बैठक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकताओं की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित त्यागी ने की।

कार्यक्रम का संचालन युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जयदीप चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अजीत राठी प्रदेश संगठन महामंत्री एवं शाह आलम छेत्रीय महासचिव युवा राष्ट्रीय लोकदल उपस्थित रहे।। कार्यक्रम का एजेंडा मुख्य रूप से 12 फरवरी को छपरौली में चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में जिला गाजियाबाद से बहुत भारी संख्या में कार्यकर्तागण, नेतागण हिस्सा लेंगे। चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ( केंद्रीय मंत्री) के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सतेंद्र तोमर, रामपाल नेहरा ,रामभरोसे लाल मौर्य, सुमन चौधरी, अरुण दहिया, डॉक्टर पूनम गर्ग आदि रहे।



## दिल्ली में भाजपा की जीत पर कैलाश और त्रिशूल टावर में मनाया गया जश्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक बहुमत हासिल कर आम आदमी पार्टी के झूठे वादों को नकार दिया। कौशांबी पार्षद कुसुम गोयल और वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व डॉ मनोज गोयल ने कहा 144 साल बाद आए महाकुंभ का असर दिल्ली में देखने को मिला है। कार्यकताओं के अथक परिश्रम और जनता की भाजपा पर अटूट विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि छल-कपट ज्यादा दिन तक नहीं चलता। आप-दा सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन, झूठ और अराजकता की सारी सीमाएं लांघ दी थी। दिल्ली की जनता ने इसका करारा जवाब देते हुए प्रदेश को आप-दा मुक्त कर दिया है। दिल्ली की जनता ने खुद ही आप की उम्मीदों पर झाड़ू फेर दिया।

## दिल्ली में चला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक और भाजपा की हुई जीत

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनी है और सरकार बनने के बाद बवाना विधानसभा सीट की कमान संभालने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के सेक्टर-23 स्थित आवास पर कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने दिल्ली में हुई जीत का जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली की जनता ने सही और श्रेष्ठ को चुना है। जनता ने बताया कि दिल्ली को किस तरीके से 10 सालों से ठगा जा रहा था। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस तरीके से दिल्ली चुनाव का एग्जिट पोल आया था, उसने ही बता दिया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएगी।

# भक्तों ने नव्य,भव्य,दिव्य रूप से किया मां विंध्यवासिनी का सोलहो श्रृंगार

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** जंसा थाने के समीप श्री आदि शक्ति लोक कल्याणकारी समिति बसंतपुर की ओर से शुक्रवार को अपराह्न दिव्य देवी दरबार आश्रम में स्थापित मां विंध्यवासिनी की मूर्ति का नव्य,भव्य,दिव्य रूप से सोलहो श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद मंदिर के महंत स्वामी जगदीश्वरानंद महाराज के साथ पुजारियों ने मां की आरती उतारी। महंत जगदीश्वरानंद महाराज ने बताया कि मां विंध्यवासिनी अपने भक्तों के कल्याण के लिए प्रत्येक दिन चार रूपों में दर्शन देती हैं। जीवन के चार पुरुषार्थ अर्थ धर्म काम एवं मोक्ष प्रदान करने वाली आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी की चार स्वरूपों मे आरती होगी।प्रत्येक अवस्था में मां का स्वरूप बदल जाता है। शुक्रवार को मंदिर में विंध्यवासिनी की प्रार्थना की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मां विंध्यवासिनी के साथ मंदिर को भी अद्भुत अलौकिक तरीके से श्रृंगार किया गया। विंध्यवासिनी मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया तो वहीं बिजली एवं रंग बिरंगी फूलों की की चकाचौंध से मंदिर को नया रुप दिया गया है। महंत ने बताया कि मां विंध्यवासिनी के आंगन तक पहुंचने के लिए दो तरफ से सीढ़ियां बनी है। पूरब दिशा में गणेश द्वार से प्रवेश करने वाले भक्त मां की अद्भुत छवि का दर्शन कर उत्तर द्वार से निकल जायेगे। मां विंध्यवासिनी के दरबार में चारो तरफ से पताका दर्शन होगा। महंत जगदीश्वरानंद महाराज ने बताया कि जिस स्थान पर मंदिर स्थापित की गई है उस जमीन को बसंतपुर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान एवं अधिवक्ता स्व.रवि शंकर लाल द्वारा दान की गई है। इस दौरान मुख्य यजमान नागेश पांडे,रमेश उपाध्याय,बाबा रामदास, गुलाब सिंह, प्रमोद सिंह,सुनीता पांडेय, सुनीता उपाध्याय, नेहा पांडे, रानी पांडे, बनारसी उपाध्याय,राजेश जायसवाल, सत्यम जायसवाल, निर्मला श्रीवास्तव, अंजू सिंह,नेहा उपाध्याय, आसमा श्रीवास्तव,आस्था पांडे,पूर्णिमा सिंह , उदय शंकर सिंह, आशीष दुबे, रमेश पांडे, रीता पांडे,भोला पांडे, अजय सिंह, विनोद सिंह,अनिल सिंह, प्रियंका सिंह,मेनका तिवारी,सुनील सिंह, रमाकांत मिश्रा,सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# प्रदेश के मुख्य सचिव ने किया स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड व माय जीएनएन पोर्टल का शुभारंभ

## स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड, गाजियाबाद नगर निगम का पायलट प्रोजेक्ट अपनाएगा प्रदेश: मनोज सिंह





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोहिया नगर के हिन्दी भवन में शनिवार को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा 'स्वच्छ मोहल्ला स्क्वायड और 'माए जीएनएन पोर्टल लांच किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य सचिव मनोज सिंह, महापौर सुनीता दयाल, मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद, डीएम दीपक मीणा, जीडीए वीसी अतुल वत्स, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, चिंतन संस्था की निदेशक भारती चतुवेर्दी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विद्यार्थियों को सिखाए गए स्वच्छता के पाठ की प्रशंसा भी की। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक बहिष्कार के बारे में विद्यार्थियों में संपूर्ण जानकारी के लिए विशेष रूप से स्वच्छता का पाठ पढ ?ा सराहनीय है। इसके उपरांत महापौर ने मुख्य अतिथि बोनसाई प्लांट देकर स्वागत किया। इसके उपरांत मोहल्ला स्वच्छता स्कवायड पुस्तक, अतिथियों द्वारा लांच की गई तो वहीं जीएनएन पोर्टल का मुख्य सचिव द्वारा रिमोट का बटन दबाकर शुभारंभ किया गया। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पुस्तक के बारे में बताया कि इसके जरिए हम बच्चों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दे सकेंगे ताकि आगे चलकर वह इसे अंगीकार कर, देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दें। वहीं जीएनएन पोर्टल के जरिए अब निगम का सभी काम विशेषकर टैक्स बिल जैसे कार्य ऑनलाइन हो सकेंगे। शहर हित में पोर्टल लाभकारी सिद्ध होगा। शहर वासियों के साथ-साथ निगम अधिकारियों को भी कार्य करने में सरलता मिलेगी। लोग पोर्टल से ही हाउस टैक्स में नाम बदलवा (नामांतरण) सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के साथ उस कार्य का स्टेटस भी जान सकेंगे। प्रॉपर्टी टैक्स का लेजर और पुरानी रसीद ऑनलाइन मिल जाएगी। किसी भी बिल को लगाने के लिए ठेकेदारों को निगम के विभागों में चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरकारी 50 स्कूलों में और प्राइवेट 50 स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन भी हुआ है। साथ ही स्कूल मैनेजमेंट अध्यापकों को भी चिंतन ग्रुप द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें चिंतन रिसर्च एंड एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप की डायरेक्टर भारतीय चतुवेर्दी का भी विशेष सहयोग रहा। बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग से अनुरोध किया जाएगा कि वह इस पुस्तक को अपने सिलेबस में शामिल करें ताकि हर बच्चा इसके बारे में सीख सके। मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि यह एक ऐसी पहल है जिससे नगर निगम के कार्य में पारदर्शिता आएगी। वहीं पोर्टल के जरिए निगम आम जन के पास पहुचेंगा। स्वच्छता स्कवायड को लेकर मंडलायुक्त ने कहा कि इस पहल से हम एक बच्चे को भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बना सकेंगे।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हम विदेशों में सफाई की बात करते हैं। लेकिन अपने देश में गंदगी से बुरा हाल था। वर्ष 2014 में पीएम मोदी ने इस अभियान की शुरूआत की थी, जो देश में मिशन बन गया है। यह पहला निगम है जो प्लास्टिक कचरे से अर्निंग कर रहा है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस पहल के लिए महापौर व नगरायुक्त की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और नैतिकता जीवन का अभिन्न अंग हैं। इसकी शुरूआत बचपन में ही हो सकती है। मुख्य सचिव ने जापान का उदाहरण देकर समझाया कि वहां बचपन में यही शिक्षा दी जाती है।

# जीआरपी गाजियाबाद पुलिस ने सांसी गैंग के चार शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद रेलवे पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए हरियाणा के कुख्यात सांसी गिरोह के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए बदमाशों का अनूठा तरीका था कि वे ट्रेन में रिजर्वेशन करवाकर यात्रा करते और यात्रियों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। जीआरपी मुरादाबाद , डीएसपी सुदेश गुप्ता के अनुसार, गिरोह के सदस्य इतने चतुर थे कि यात्रियों के सामान को देखकर ही भांप लेते थे कि किसके पास कीमती सामान या जेवरात हैं। फिर मौका देखकर चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह ने छह राज्यों में अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया है। जीआरपी गाजियाबाद पुलिस थाना प्रभारी नवरत्न गौतम और उनकी टीम ने आरोपियों को प्लेटफार्म 5-6 के पास गूलर के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया है पकड़े गए चारों से 12 लाख रुपये के जेवरात बरामद हुए हैं और जिन यात्रियों के जेवरात बरामद हुए हैं, उन्हें सूचित कर दिया गया है। पुलिस अब इन बदमाशों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए इन पर गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी कर रही है। यह गिरफ्तारी रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

# नोएडा बिशरख पुलिस की शव पहचान करने के लिए अपील, मिलेगा उचित इनाम

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर ।** थाना बिसरख कमिश्नरेट गौतमबुद्दनगर का क्षेत्र गौर मलबरी सोसाइटी जलपुरा की तरफ से आने जाने वाली सडक किनारे खाली पडे प्लाट मे 21 जनवरी 2024 को मृतका अज्ञात लडकी उम्र करीब-15 वर्ष हुलिया आँख, नाक, कान औसत रंग गेहुआ कद करीब 4 फिट 8 इंच का शव मिला था जिसके सम्बन्ध मे थाना बिसरख पर मु0अ0सं0 56/2024 धारा 302/201 भा0द0वि0 पंजीकृत है तमामी प्रयासो के बाद भी वर्तमान समय तक मृतका अज्ञात लडकी की शिनाख्त नही हो पायी है , मृतका अज्ञात लडकी के विषय मे कोई जानकारी मिलने पर मो0न0- 8 5 9 5 9 0 2 5 4 6 ,,9599659053 पर सूचित करने का कृष्ट करे सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखते हुए उचित इनाम दिया जायेगा ।

# आप की भ्रष्ट सरकार को जनता ने दिया करारा जवाब: एसपी सिंह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली के चुनाव नतीजों में बीजेपी को प्रचंड बहुमत मिली है। यहां दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। जनता को गुमराह करने वालों को करारा जवाब दिया गया है।

भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का जनादेश, दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत ने आम आदमी पार्टी के झूठे वादों को नकार दिया। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल पर विश्वास जताया। यह जीत एनडीए की एकता और दृढ़ता का प्रतीक है। साथ ही, 2025 के बजट से देश को मिली राहत भी इस जीत के महत्व को दशार्ती है। ईवीएम के मुद्दे पर जनता को गुमराह करने वालों को यह नतीजा एक करारा जवाब है। उन्होंने कहा इस बार दिल्ली वालों ने आप की गलतफहमी दूर करते हुए आपदा से मुक्ति दिलाने के लिए व सम्पूर्ण दिल्ली के विकास के लिए भाजपा के कमल को खिलाने का निर्णय लिया है। शीर्ष नेतृत्व को बधाई.. सभी दिल्ली वासियों व गाजियाबाद के सांसद और दिल्ली के सहप्रभारी अतुल गर्ग को भी बधाई। दिल्ली के सहप्रभारी व सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी।

इस दौरान महानगर के पूर्व संयोजक सरदार एसपी सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी व व्यापारी नेता बालकिशन उर्फ बालू आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान भारत योजना है सर्व समाज के लिए संजीवनी : वरुण शर्मा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर में शनिवार को समाजसेवी वरुण शर्मा द्वारा कौशांबी क्षेत्र के निवासियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का शिविर लगवाया गया। इस शिविर में क्षेत्र की जनता ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और कार्ड बनवाने वालो संख्या 35 की रही। वरुण शर्मा ने बताया की क्षेत्र के निवासियों ने मोदी जी की स्वास्थ्य नीति में पूर्ण विश्वास दिखाया और मोदी सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा की। ऐसे जन कल्याणकारी आयोजन के लिए आयोजक वरुण शर्मा और डॉ आचार्या कृति शर्मा को अनेको शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज से सुधीर शर्मा, संगीता श्रीवास्तव,शिवम मित्तल, सार्थक सिन्हा, अमित गुप्ता, अजय सक्सेना सहित कई और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग का हुआ आरंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शनिवार को दिल्ली विधानसभा के नतीजे आने के बाद भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, दिल्ली में पिछले ग्यारह वर्षों से आम आदमी पार्टी लगातार झूठ के सहारे एक अवसरवादी राजनीति कर रही थी। आप के सभी वादे दिल्ली वासियों के सामने झूठे पड़ते नजर आ रहें थे। जिसके कारण दिल्ली की जनता ने देश की राजधानी से आपदा को हटा दिया है।

और देश दुनिया के हमारे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी जी पर अपना भरोसा जताया है। और मोदी जी की गारंटी पर विश्वास किया है। अब दिल्ली में भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के विकास को गति देते हुए। लोगों की मूलभूत जरूरतों को भी पूरा करेगी। उन्होंने कहा केजरीवाल शराब के कारण बदनाम हुए और उन्होंने दिल्ली की जनता का विश्वास खो दिया। दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के 'शीशमहलज्को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को 'आप-दाज्मुक्त करने का काम किया है दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग का आरंभ है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता। जनता ने अपने वोट से गंदी यमुना, पीने का गंदा पानी, टूटी सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवरों और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है।

# नोएडा कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की कार्यवाही से हिस्ट्रीशीटर घर से हो रहे फरार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर ।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नर (एडीजीपी) लक्ष्मी सिंह की कार्यवाही से बदमाश आज कल इतने भयभीत है कि अपने अपने घरों से फरार हुए पड़े है

ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसीपी-3 अरविंद कुमार के नेतृत्व में दनकौर और ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के कुख्यात बदमाशों के घरों पर छापेमारी की। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सालारपुर और दनकौर कस्बे के साथ-साथ ईकोटेक प्रथम कोतवाली के इमलिया गांव समेत कई स्थानों पर पुलिस टीम ने दबिश दी। इस दौरान पुलिस का मुख्य उद्देश्य हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन करना था। हालांकि, छापेमारी के दौरान भारी पुलिस बल को देखकर सभी बदमाश अपने घरों से फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे बदमाशों की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और यह पता लगाया जा रहा है कि वर्तमान में वे किन अवैध कार्यों में संलिप्त हैं। जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले बदमाशों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत एवं मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय को जीत की हार्दिक बधाई: सूरज भान

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली:(सुमित सोरेन)** दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत की बाद राष्ट्रीय हिन्दू महासभा (भारत) एवं बीजेपी मालवीय नगर मण्डल उपाध्यक्ष सूरज भान ने बीजेपी के सभी एमएलए और अपने क्षेत्र के सभी कार्यकाताओं को बधाई दी है. उन्होंने आप पार्टी पर निशाना भी साधा है और लिखा कि आप-दा - ऋडठए अब अवसर - डठ दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत से समस्त दिल्ली प्रदेश, पूरे भारत एवं हिन्दू समाज में खुशी की लहर है. राष्ट्रीय हिन्दू महासभा, एवं बीजेपी नेता सूरज भान ने ये भी कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास नीति का परिणाम है। सूरज भान ने कहा कि दिल्ली की जनता ने पीएम मोदी की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व को स्वीकारा है. जनता ने आपझ्दा के झूठ और फरेब को नकार दिया है. केजरीवाल समेत आप के कई बड़े नेता चुनाव हारे हैं. कांग्रेस पार्टी तो फिर शून्य पर आ गई है. पहले हरियाणा, फिर महाराष्ट्र और दिल्ली में कांग्रेस साफ हो गई. अब कांग्रेस की बिहार में साफ होने की बारी है. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है ये एक बार फिर देखने को मिला. इस बार केजरीवाल के जुमलों की हार हुई है सच की जीत हुई है।

# निजी अस्पताल कर्मी के खाते से निकाले 20 हजार रुपये

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल कर्मी के खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिए गए। जांच में पता चला कि क्रेडिट कार्ड के जरिए 91 हजार की खरीदारी भी की गई है। पीड़ित ने सहकर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलरूप से चंदौली जनपद निवासी विनय के अनुसार वह कौशांबी के एक निजी अस्पताल में नौकरी करते हैं और अन्य कर्मचारियों के साथ अस्पताल के ऊपर बने कमरों में रहते हैं। विनय का कहना है कि बीते दिनों पैसे निकालने के दौरान पता चला कि 20 हजार रुपये कम हैं।

# पैठ बाजार व्यापारियों का नहीं होने दूंगा नुकसान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को जहां साप्ताहिक बाजार यथावत स्थिति जारी रखने का निर्देश दिया है तो वहीं इसी को लेकर गाजियाबाद के पुलिस- प्रशासन के अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग ,महापौर सुनीता दयाल की बैठक हुई थी। बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने नगर निगम को वेंडिंग जोन जल्द से जल्द तलाशने और साप्ताहिक बाजारों के लगने का स्थान तय करने की बात कही है। तो वहीं पुलिस के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से उन्होंने कहा है कि व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुंचा जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज सिंह ने दिशा निर्देश दिए हैं, उसका पालन अब अधिकारियों को करना है, तो वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि गाजियाबाद के व्यापारियों और लोगों के साथ उनका हमेशा से साथ रहा है और वह साप्ताहिक व पैठ बाजार के व्यापारियों को नुकसान नहीं होने देंगे। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंत्री नरेंद्र कश्यप बैठक में भाग ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि प्रत्येक इलाके में लगने वाले साप्ताहिक बाजार का स्थान तय हो ताकि अन्य किसी स्थान पर दुकानदार ना पहुंचे। इससे वहां की यातायात और अन्य व्यवस्था भी ठीक से संचालित होती रहेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि साप्ताहिक बाजार बंद करने का फैसला बिना किसी प्लानिंग और बातचीत के लिया गया, जिसका असर यह हुआ कि व्यापारी सड़क पर उतर आए और माहौल खराब होने से बचा है।